तापमान

अधिकतम 30.5 डिग्री

न्यूनतम 17.8 डिग्री

हरिभूमि

रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 8 फरवरी 2025



11 मीनल ने कहा- भ्रष्टाचारी महापौर के नाम पर वोट...



13 खड़ी गाड़ियों को हटाए बिना डामरीकरण व्हाइट स्ट्रिप...




# मोक्षित के बाद अरबों के घोटाले में सहयोगी तीन कंपनियां भी ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सीजीएमएससी में हुए अरबों के घोटाले के सूत्रधार मोक्षित कार्पोरेशन के बाद सहयोगी कंपनियों को भी ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। इनमें से दो कंपनियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट थाने में ईओडब्लू द्वारा दर्ज कराई गई थी। काली सूची शामिल की गई तीसरी शेल कंपनी थी। दवा निगम द्वारा कुछ और कंपनियों पर आगे भी कार्रवाई किए जाने की संभावना है।

घोटाला सामने आने के बाद सीजीएमएससी की एमडी ने पुरानी लापरवाही और अनुबंध को तोड़ने तथा आपराधिक मामले में अपराध दर्ज होने की वजह से मोक्षित कार्पोरेशन को तीन साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। कंपनी इस अवधि में दवा कारपोरेशन के किसी भी टेंडर में भागीदारी नहीं कर पाएगी। इसके बाद दवा कार्पोरेशन द्वारा मोक्षित की सहयोगी तथा रीएजेंट और उपकरण की सप्लाई के नाम पर कई सौ करोड़ का घोटाला करने ⏭ शेष पेज 13 पर

### अफसरों से पूछताछ जारी

इधर दूसरी बार रिमांड पर लिए मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा से मिल रही जानकारी के आधार पर ईओडब्लू मिलीभगत के आरोपों से घिरे अधिकारियों से लगातार पूछताछ कर रही है। मामले में कुछ आईएएस स्तर के अधिकारियों को भी जांच के दायरे में लाए जाने की संभावना बनी हुई है। मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी को 10 फरवरी को पुनः न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### रिकार्ड्स एंड मेडिकेयर, श्री शारदा इंडस्ट्रीज मेडिग्लोब पर दवा निगम की कार्रवाई


ईओडब्लू ने अफसरों से पूछा- बिना पड़ताल कैसे दी रीएजेंट, उपकरण खरीदी की सहमति

### कंपनी पर अफसरों की मेहरबानी

दवा कार्पोरेशन से जुड़े अधिकारी मोक्षित कार्पोरेशन के ऊपर काफी मेहरबान थे। उन्होंने 300 करोड़ का रीएजेंट केवल इसलिए खरीदा था, क्योंकि वह खराब होने की स्थिति में आ गए थे। रीएजेंट के खराब होने से सप्लायर कंपनी को बड़ा नुकसान हो सकता था। अफसरों ने यह रीएजेंट खरीदा और उसे बिना मांग के 200 स्वास्थ्य केंद्रों में ठूंस दिया था।

## खबर संक्षेप



### 24 घंटे में 236 वारंटियों की धरपकड़

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने पिछले 24 घंटे में विशेष अभियान चलाकर 236 स्थाई व अभियुक्त वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें महिला आरोपी भी शामिल हैं। इन सभी फरार आरोपियों के विरुद्ध गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ था। गिरफ्तार आरोपियों में 109 ऐसे आरोपी हैं, जिनके विरुद्ध अलग-अलग थानों में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, मारपीट, चोरी, नकबजनी, धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। इसी प्रकार 127 अभियुक्त गिरफ्तारी वारंटी भी हैं। इन सभी को कोर्ट में पेश किया गया। इसके अलावा खमतराई पुलिस ने रावाभांठा स्थित देवारडेरा में वारंट की तामिली के दौरान गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 2 किलोग्राम गांजा जब्त किया है।

### रायपुर–सिमगा मार्ग पर पकड़ा गया वाहन, जांच में मिला शराब का जखीरा

# मतदान से पहले 'चुनावी-चेपटी' गोवा ब्रांड शराब का पूरा कंटेनर पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर-सिमगा मार्ग पर मतदान से पहले शराब से भरा एक कंटेनर वाहन पकड़ा गया है। इस कंटेनर में 50 लाख रुपए कीमत की गोवा ब्रांड की शराब भरी हुई थी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कंटेनर मध्यप्रदेश के इंदौर से रायपुर की ओर आ रहा था, जिसे रास्ते में ही पकड़ा गया। कंटेनर में शराब कहां से लोड कराई गई और उसकी डिलीवरी कहां की जानी थी, इस संबंध में गिरफ्तार किए गए कंटेनर के चालक से पूछताछ की जा रही है।

### आबकारी विभाग की सचिव की बैठक का असर

आबकारी विभाग की सचिव आर. संगीता ने गुरुवार को विभाग से संबंधित अफसरों की बैठक ली थी। इस बैठक में उन्होंने चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब आने की आशंका जताते हुए मुख्य मार्गों पर गश्त बढ़ाकर शराब तस्करों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के बाद रायपुर जिले की सीमा क्षेत्रों में भी विभाग ने उड़नदस्ता टीम की गश्त बढ़ा दी है। गश्त बढ़ाते ही उड़नदस्ता की टीम ने रायपुर-सिमगा रोड पर ताज ढाबा के पास एक कंटेनर वाहन को पकड़ा। इस कंटेनर में गोवा ब्रांड की सात सौ पेटियां भरी हुई थीं, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपए आंकी गई है। विभाग ने शराब के साथ कंटेनर को जब्त कर उसके चालक जाकिर हुसैन निवासी इंदौर को भी गिरफ्तार किया है। जाकिर से कंटेनर में लोड शराब के बारे में पूछताछ की जा रही है। विभाग को संदेह है कि शराब को चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं को बांटने के लिए मंगाया गया है। कंटेनर को इंदौर से रायपुर या फिर किसी दूसरे शहर ले जाया जा रहा था। इस संबंध में वाहन चालक से पूछताछ की जा रही है।



### चुनाव में अवैध शराब की तस्करी जमकर होने की आशंका

चुनाव विधानसभा हो लोकसभा या फिर नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हो, शराब की मांग और खपत हर चुनाव में बढ़ जाती है। शराब के कारोबारी भी चुनाव में अवैध शराब बेचकर लाखों-करोड़ों रुपए कमाते हैं। यही कारण है कि चुनाव के कुछ दिन पहले ही शराब की अवैध तस्करी भी होने लगी है। कई प्रत्याशी भी चुनाव में अपने कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं को शराब का प्रलोभन देने से नहीं चूकते हैं और शराब कारोबारियों की मदद से अवैध शराब की खेप दूसरे राज्यों से मंगाते हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शराब का जो कंटेनर पकड़ा गया है, उसका संबंध भी चुनाव से हो सकता है। हालांकि विभाग द्वारा फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है।

## पान दुकान में हुक्के का अवैध कारोबार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में हुक्का और उससे संबंधित सामग्री की बिक्री प्रतिबंधित है। इसके बावजूद चोरी छिपे कई स्थानों पर यह अवैध कारोबार चल रहा है। पुलिस ने शुक्रवार को न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक पान दुकान में दबिश देकर यहां से भारी मात्रा में हुक्का एवं तमाम सामग्री जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में दुकान के संचालक और मालिक दोनों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह ने छापामार कार्रवाई का खुलासा करते हुए बताया, मुखबिर से सूचना मिली थी कि न्यू राजेंद्र ⏭ शेष पेज 13 पर

- दो गिरफ्तार हुक्का पॉट पाइप, नोजल कोल, फ्लेवर समेत अन्य सामग्री बरामद

### चिल्हर और थोक कारोबार एकसाथ

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी अपनी दुकान में प्रतिबंधित हुक्का सामग्री चिल्हर बेचने के साथ थोक व्यापार भी करते हैं, इसलिए वे दुकान में तमाम सामग्री का भंडारण करते रहे हैं। छापेमारी के दौरान भी दुकान से सामग्री बड़ी तादाद में मिली है। इससे पता चलता है कि दोनों आरोपी इस कारोबार में लंबे समय से संलिप्त हैं।







## उत्तरी हवा के प्रभाव से तीन डिग्री तक लुढ़का तापमान, रात में महसूस हुई ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फरवरी का पहला सप्ताह बीतने के बाद आने वाली उत्तरी हवा के प्रभाव से रात के तापमान में तीन डिग्री की गिरावट से ठंड महसूस हुई। आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा में पुनः बदलाव होगा, जिससे रात का पारा पुनः ऊपर की चढ़ेगा। शुष्क हवा के असर से दिन से पड़ रही तेज धूप भी अपनी सामान्य स्थिति में आ गई है।

प्रदेश में फरवरी की शुरुआत बढ़ते तापमान के साथ हुई थी और पांच दिनों तक ठंड गायब रही, उल्टे दिन में भी तेज ⏭ शेष पेज 13 पर

- विक्षोभ के प्रभाव से फिर बदलेगी हवा



### उतरा तापमान

| शहर | न्यू. | अधि. |
|---|---|---|
| रायपुर | 17.8 | 30.5 |
| बिलासपुर | 15.6 | 29.9 |
| पेंड्रा | 11.6 | 26.9 |
| अंबिकापुर | 7.3 | 26.8 |
| जगदलपुर | 18.6 | 33.2 |

### चोरी की गाड़ियों के साथ वारंटी गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने चोरी की दोपहिया गाड़ियों के साथ एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान चला रही है। इसके तहत कचना निवासी मनोज धीवर के विरुद्ध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, जिसकी तामिली के दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 4 दोपहिया वाहन भी बरामद किए, जो चोरी के निकले। आरोपी ने पूछताछ में इन गाड़ियों को पंडरी, तेलीबांधा एवं मंदिर हसौद क्षेत्र से चोरी करना कबूल किया है।

### चोरी के सामान के साथ नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने चोरी के सामान के साथ नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी चंद्रकुमार शर्मा निवासी विप्रनगर रायपुरा ने 26 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि हिटाची कंपनी के एसी के अंदर लगे 2 कम्प्रेशर, 4 क्वाइल एवं पंखा एसी के अंदर का सामान कीमती करीब 10 हजार रुपए चोरी हो गए। पुलिस ने इसकी जांच करते हुए आरोपी कुणाल नेताम निवासी बीएसयूपी कालोनी सरोना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एसी कापर पाइप 5 किलो 80 ग्राम जब्त किया है।








खुशखबरी... खुशखबरी...
जय श्री बालाजी
खुशखबरी... खुशखबरी...
SALE
महाबचत ऑफर
SALE
श्री बालाजी गारमेंट सेल
2 ट्रक फ्रैश कॉटन का ब्राण्डेड न्यू स्टॉक आ गया
3000/- से 4000/- वाला
ब्राण्डेड जीन्स
₹500 और ₹700
1500/- से 2000/- वाली
ब्राण्डेड शर्ट ₹249
वर्ल्ड बेस्ट ब्राण्डेड शर्ट
नेशनल व इंटरनेशनल ब्रांड के गारमेंट्स
लेडीज़ जीन्स, प्लाज़ो, फैंसी टॉप, क्रॉप टॉप, कॉटन टॉप, लॉन्ग टॉप, कॉटन पैंट, ब्राण्डेड जीन्स शर्ट
जिनकी शोरूम प्राइज 3000 से 4000 रू है
₹99 और ₹199
SUMMER SPECIAL OFFER
टी-शर्ट 99/-
कॉटन लोवर 99/-
कॉटन शॉर्ट्स 99/-
देश की 22 प्रमुख साड़ी निर्माता कंपनियां आज दे रही हैं 50 से 90% तक डिस्काउंट
बड़ी खबर जीन्स शर्ट का नया स्टॉक
34, 36, 38 एवं 40 साइज
जीन्स शर्ट
₹500/-
पचास हज़ार सिल्क साड़ियां बिल्कुल आधी कीमत पर
बनारसी, चंदेरी, महेश्वरी, कांजीवरम, मलबरी सिल्क, ज़री कोटा, कॉटन, मूँगा, मैसूर, लेनिन सिल्क, तानचोई पटोला, बंधनी, लिनेन टिस्यू, पैठणी, बालूचरी टसर, उप्पड़ा धर्मावर, गढ़वाल, पोचमपल्ली, शांतिनिकेतन, ढाकाई, डुपियन, कोसा सिल्क, लिनेन कांजीवरम एवं अन्य कई वैरायटी।
जो साड़ियां आपको शोरूम एवं एक्जीबिशन में 4000 से ₹5000 तक मिलती है, आप दे रहे हैं
मात्र 200/, 300 एवं 400 रु में
FREE PARKING
गुरुतेग बहादुर हॉल
FREE ENTRY
गढ़ कलेवा के पास, राजभवन गेट नं.-3 के सामने, घडी चौक, रायपुर

## निर्वाचन में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों ने किया मतदान

रायपुर। स्थानीय आम निर्वाचन-2025 के अंतर्गत शुक्रवार को निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र ईडीबी के माध्यम से अपना वोट दिया। निर्वाचन प्रशिक्षण के दौरान ईडीबी से मत देने 2 हजार 5 सौ 38 आवेदक पात्र हुए थे। नगर निगम मुख्यालय रायपुर में महापौर तथा पार्षद पद के लिए निर्वाचन कार्य में संलग्न शासकीय कर्मियों ने मताधिकार का प्रयोग किया।गौरतलब है कि 7 एवं 8 फरवरी को प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों के माध्यम से वोट दिए जाने हैं। शुक्रवार की वोटिंग खत्म होने तक कुल 432 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साह के साथ अपना मत दिया।

## नवा रायपुर प्रीमियर लीग बैडमिंटन स्पर्धा में दिखाया हुनर

रायपुर। विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग के अंतर्गत बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में संचालनालय, मंत्रालय, निगम, बोर्ड और आयोग में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के आयोजकों द्वारा इंद्रावती भवन स्थित ऑडिटोरियम में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर विजेताओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अन्य राज्यों की तुलना में काफी प्रगति हुई है। प्रदेश के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के अथक परिश्रम के कारण ही आज देश में विकास के क्रम में प्रदेश का नाम प्रमुखता से लिया जाता है।

# मदर टेरेसा वार्ड में भाजपा-कांग्रेस में कांटे की टक्कर

### विकास कार्य-सीसीटीवी कैमरे व मूलभूत सुविधाएं मुख्य मुद्दे

**वार्ड नंबर 47 मदर टेरेसा वार्ड**

कुल मतदाताओं की संख्या 13143
पुरुष मतदाता 6348
महिला मतदाता 6793




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस चुनाव में मदर टेरेसा वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। इस बार यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होगी, क्योंकि चुनाव में यहां से दोनों दलों के प्रत्याशी के अलावा तीसरा कोई प्रत्याशी चुनाव में खड़ा नहीं है। इसके कारण यहां दोनों प्रत्याशी के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। वार्ड में इससे पूर्व कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों से प्रत्याशी चुनाव जीत चुके हैं। इसके बाद भी वार्ड में मूलभूम समस्याएं खत्म नहीं हो पाई हैं। वार्ड में पिछले 10 वर्षों में जो विकास कार्य होने थे वे भी रुके हुए हैं, जिसके कारण इस बार दोनों दलों के प्रत्याशियों को जीत हासिल करने के लिए मतदाताओं का विश्वास जीतना होगा। इसके लिए दोनों दल के प्रत्याशी विकास कार्य कराने से लेकर मूलभूत समस्याओं का निराकरण एवं सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का वादा करते हुए मतदाताओं से वोट मांग रहे हैं।

### पांच वर्ष में कोई विकास कार्य नहीं हुए


संतोष साहू
भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू ने कहा कि वार्ड में पिछले पांच वर्ष में कोई विकास कार्य नहीं हुए हैं। वार्ड में नाले-नाली, सड़कों की सफाई बड़ी समस्या है। कुछ मोहल्लों में पानी की समस्या भी है। यहीं नहीं वार्ड में नशाखोरी के साथ अपराध भी बढ़े हैं, जिसके कारण सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना आवश्यक हो गए हैं। वार्ड में श्मशान घाट का सौंदर्यीकरण भी नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर वे मतदाताओं के बीच जा रहे हैं।

### बनी हुई हैं मूलभूत समस्याएं


ताराचंद साहू
कांग्रेस प्रत्याशी

कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद साहू इस वार्ड से पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड में अभी भी मूलभूत समस्याएं बनी हुई हैं। इसके अलावा विकास कार्य भी रुके हुए हैं, जिसे पूरा करने का वे हर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड में नशाखोरी के साथ अपराध भी बढ़े हैं। इसके लिए पुलिस पार्टी नियमित रूप से पेट्रोलिंग कराने के लिए कहा जाएगा, साथ ही सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी लगाना भी उनकी प्राथमिकता में है। सीसीटीवी पार्षद निधि से लगाए जा सकें, इसके लिए मंजूरी मिलनी चाहिए, ताकि पार्षद प्रमुख चौराहों व चिन्हांकित जगहों पर कैमरे लगवा सके। कैमरे लगने से अपराध भी रुकेंगे।

**वार्ड नंबर 57**
**पं. भगवतीचरण शुक्ल**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | : 16,967 |
| पुरुष मतदाता | : 8,191 |
| महिला मतदाता | : 8,775 |
| तृतीय लिंग | : 1 |

**शामिल एरिया**
डागा चाल, गौली मोहल्ला, छोटी मस्जिद, छत्तीसगढ़ कालेज, पीएंडटी कालोनी, महिला पालीटेक्नीक कालेज क्षेत्र, प्रेमप्रकाश आश्रम, शैलेंद्र नगर फनफेस्टा ग्राउंड, स्टार ग्राउंड, पेंशन बाड़ा, चपरासी कालोनी।

# हाईप्रोफाइल वार्ड की स्लम बस्ती में नहीं शौचालय, गलियों में स्ट्रीट लाइट बंद

### निवृत्तमान सभापति प्रमोद दुबे का वार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के हाईप्रोफाइल वार्ड रहे पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड की स्लम बस्ती अरविंद नगर और कुंदरापारा में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोग परेशान हैं। उन्हें सार्वजनिक प्रसाधन के लिए भटकना पड़ता है। इसी तरह कटोरातालाब की गली नंबर 7 और 8 में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रहवासियों को काफी परेशानी हो रही है। निकास नाली, उधड़ी हुई सड़क की मरम्मत इस बार चुनाव का प्रमुख मुद्दा रहेगा। निवृत्तमान सभापति प्रमोद दुबे के बाद एजाज ढेबर इस बार वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान पर हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी और चैंबर के सलाहकार अमर गिदवानी से उनका सीधा मुकाबला है। श्री ढेबर पिछली बार के निगम चुनाव में मौलाना अब्दुल वार्ड से पहली बार पार्षद का चुनाव लड़कर रिकार्ड मतों से चुनाव जीते और महापौर बनकर 5 साल तक शहर की सत्ता संभाली। निगम चुनाव में पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड का पार्षद चुनाव लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना है, जहां निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर कांग्रेस की सीट से पार्षद पद का चुनाव लड़ रहे हैं। करीब 17 हजार मतदाता 11 फरवरी को अपने पसंद का प्रतिनिधि चुनने वोट डालेंगे। चुनाव में उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अमर गिदवानी से है। स्लम बस्ती में रहने वालों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना प्रमुख चुनौती बनकर उभरा है। वहीं गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए सामुदायिक भवन की जरूरत अरसे से महसूस की जा रही है। कई इलाके ऐसे हैं, जहां गंदे पानी के निकास के लिए नालियां नहीं बनीं।

**इस बार कांग्रेस के एजाज ढेबर और भाजपा से अमर गिदवानी के बीच सीधा मुकाबला**

### वार्ड की हालत खस्ता, शौचालय तक नहीं बना पाये


अमर गिदवानी
भाजपा प्रत्याशी

5 साल में वार्ड विकास का कार्य ठप रहा। अरविंद नगर, कुंदरापारा जैसी स्लम बस्ती में लोगों के लिए एक शौचालय तक नहीं है। निकास नाली और सड़क का बुरा हाल है। राज्य में कांग्रेस सरकार और नगर निगम में पार्टी का महापौर रहते हुए इस वार्ड की अनदेखी हुई है। कटोरातालाब के गली नंबर 7 और 8 में स्ट्रीट लाइट नहीं है लोगों ने अपनी परेशानी खुलकर बताई। सफाई ठेका में जमकर गड़बड़ी हुई है। इसका खामियाजा वार्ड की सफाई व्यवस्था पर पड़ा है। वार्ड वासियों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

### आरोप निराधार


एजाज ढेबर
कांग्रेस प्रत्याशी

5 साल में वार्ड विकास के बहुत सारे काम पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में कराये गये। स्लम बस्ती में लोगों के लिए सुलभ शौचालय के लिए जगह देखेंगे। वार्ड में कटोरातालाब के गली नंबर 7 और 8 में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दुरुस्त करेंगे। जहां निकास नाली नहीं बनी है, वहां निकास नाली और गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए सामुदायिक भवन बनवाया जायेगा।

---

**चुनावी हलचल**

**नगर निगम चुनाव अंतिम दौर में, भाजपा निगम चुनाव में जीत के लिए आश्वस्त**

# मीनल ने कहा- भ्रष्टाचारी महापौर के नाम पर वोट मांगने से डर रही है कांग्रेस

रायपुर। नगर निगम चुनाव अब अपने अंतिम दौर पर पहुंच चुका है निगम चुनाव जीतने प्रत्याशी अब अपना पूरा दम खम लगा रहे हैं बकौल भाजपा नेताओं की मानें तो रायपुर नगर निगम में भाजपा का परचम लहराने जा रहा है, भरपूर जनसमर्थन भाजपा प्रत्याशियों को मिल रहा है और भाजपा नेताओं का मानना है कि इस बार रायपुर नगर निगम महापौर ऐतिहासिक अंतर से जीतने जा रही हैं। मीनल चौबे रिकॉर्ड कायम करने जा रही हैं, साथ ही साथ रायपुर नगर निगम में भाजपा पार्षद दल भी बहुमत के साथ बैठेगा। भाजपा द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी नीतियों और योजनाओं का लाभ पार्टी प्रत्याशियों को जरूर मिलेगा और जनता भाजपा प्रत्याशियों को भरपूर आशीर्वाद भी दे रही है। शुक्रवार भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने दैनिक जनसंपर्क रैली की शुरुआत रायपुर दक्षिण विधानसभा अंतर्गत पं. भगवतीचरण शुक्ल वॉर्ड से की, जहां उनके साथ रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, विधायक सुनील सोनी एवं वॉर्ड के भाजपा प्रत्याशी अमर गिदवानी भी रहे। वॉर्ड भ्रमण करते हुए सभी नेताओं ने जनता से रायपुर नगर निगम में भाजपा के निशान कमल फूल पक्ष में मतदान का आशीर्वाद मांगा।उसके पश्चात महापौर प्रत्याशी की रैली शहीद पंकज विक्रम वॉर्ड पहुंची, जहां से वॉर्ड में भाजपा की महिला नेत्री स्वप्निल मिश्रा ने प्रचार रथ पर सवार होकर वॉर्ड की जनता से नगर निगम चुनाव में आशीर्वाद मांगा। इसी तरह अरविंद दीक्षित वॉर्ड के युवा प्रत्याशी सचिन मेघानी के पक्ष में, शहीद राजीव पाण्डेय वॉर्ड के बद्रीप्रसाद गुप्ता, मो. अब्दुल रऊफ वॉर्ड की प्रीति परताले, स्वामी विवेकानंद वॉर्ड के भाजपा नेता मुरली शर्मा, ब्राह्मण पारा वॉर्ड के अजय साहू, सुंदरलाल शर्मा वॉर्ड की सरिता दुबे, भक्त माता कर्मा वॉर्ड के ममता तिवारी और बाबू खूबचंद बघेल वॉर्ड के दुर्गा साहू के पक्ष में मतदान के लिए आशीर्वाद मांगा।



### कांग्रेस के प्रचार से पूर्व महापौर का फोटो गायब होना नाकामियों का प्रमाणपत्र

भाजपा महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने अपनी जनसंपर्क रैली के दौरान प्रमुख चौराहों और मोहल्लों पर नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया। इस दौरान मीनल चौबे कांग्रेस और महापौर पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि कल तक जो रायपुर नगर निगम में कांग्रेस पार्टी का ब्रांड चेहरा हुआ करते थे, आज वही पूर्व महापौर एजाज ढेबर कांग्रेस प्रत्याशियों के प्रचार से पूरी तरह गायब हैं। यह कांग्रेस पार्टी और निगम के महापौर की विफलता का प्रमाणपत्र है। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारी महापौर के नाम लेकर जनता के बीच जाने से डरी हुई है। पहली बार निगम चुनाव में कोई पार्टी 15 वर्षों तक रहने के बावजूद अपने कार्यों के आधार पर नहीं, अपितु भाजपा के घोषणापत्र की नकल के आधार पर वोट मांग रही है। यह कांग्रेस की नैतिक हार है, अब बस मतदान और नतीजे की देरी है। जिस दिन मतगणना होगी उस दिन चारों तरफ सिर्फ कमल ही कमल खिला दिखेगा।

### निगम की हालत बदतर : सुनील

पार्षद प्रत्याशियों के लिए जनता से आशीर्वाद मांगते हुए विधायक सुनील सोनी ने कहा कि मुझे आप सभी ने लगातार अपरिमित प्रेम और स्नेह दिया। रायपुर नगर निगम में महापौर बनाया, लोकसभा से सांसद और अब दक्षिण विधानसभा से विधायक भी बनाया आपका प्रेम साल दर साल बढ़ता रहा और मैं पुनः भाजपा के पक्ष में आपसे सहयोग और आशीर्वाद मांगने आया हूं, जिससे रायपुर नगर निगम पुनः विकास की मुख्य धारा में जुड़ सके। रायपुर महापौर रहते हमने रायपुर निगम का चहुमुंखी विकास किया, मगर आज रायपुर नगर निगम की हालत बद से बदतर है और इसका मुख्य कारण कांग्रेस, कांग्रेस का महापौर रहे। हर बार कांग्रेसी महापौर ने रायपुर निगम की जनता को छला, पर अब और नहीं। आपका उत्साह देखकर लग रहा है कि रायपुर नगर निगम में परिवर्तन की बयार चल रही है और भाजपा बड़े बहुमत के साथ नगर निगम में स्थापित होने जा रही है।

### आएंगे सकारात्मक परिणाम : रामविचार

छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री और रायपुर नगर निगम चुनाव की दृष्टि से प्रभारी रामविचार नेताम भी शुक्रवार को रायपुर दक्षिण में जनसंपर्क रैली में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रायपुर के कार्यकर्ताओं का उत्साह, जनता से मिल रहा अपार समर्थन और स्नेह रायपुर नगर निगम में सकारात्मक परिणाम की तरफ इशारा कर रहा है। रायपुर निगम में निश्चित ही भाजपा की महापौर प्रत्याशी बहन मीनल चौबे बड़े मतांतर से जीत दर्ज करने वाली हैं और निगम में भाजपा पार्षद दल बहुमत से स्थापित होगा। महापौर के साथ साथ रायपुर निगम सभापति भी भाजपा का ही बैठेगा।

### कांग्रेसी महापौर ने रायपुर को कबाड़ बनाया : बृजमोहन

रायपुर नगर निगम चुनाव के संचालक एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल संसद सत्र और पारिवारिक शोक के पश्चात पूरे दमखम से निगम चुनाव में प्रत्याशी मीनल चौबे और पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान का आशीर्वाद मांगने जनता के बीच पहुंचे। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस निगम चुनाव में आपके बीच छोटी बहन मीनल चौबे हैं, जिन्होंने सदैव एक परिपक्व नेता का परिचय दिया, विपक्ष में लगातार निगम की जनता की मांग उनके द्वारा मजबूती से उठाई गई और उसका निवारण भी कराया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेसी महापौर ने रायपुर नगर निगम को कबाड़ बनाकर रख दिया। केंद्र से आवंटित स्मार्ट सिटी के करोड़ों के फंड की खुली बंदरबांट हम सभी ने देखी है। रायपुर नगर निगम की जनता ने ठाना है, अब और नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे और रायपुर नगर निगम का नए सिरे से विकास करेंगे, उन्नयन करेंगे। अब बारी निगम में परिवर्तन की है, अब बारी भाजपा की है, कमल फूल की है और मीनल चौबे की है।

## दीप्ति ने कहा- रायपुर को बनाएंगे आदर्श शहर

### मूलभूत सुविधाओं के मामले में हमारा शहर देश में सर्वश्रेष्ठ होगा

रायपुर। महापौर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने शुक्रवार को अपने सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि शहर विकास को लेकर उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है। जहां भी समस्याएं हैं, उनका समाधान करना लक्ष्य है। "किसी भी शहर का विकास पानी, बिजली, शिक्षा और सुरक्षा पर निर्भर करता है। इन सभी क्षेत्रों को और बेहतर बनाना मेरी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि रायपुर को देश के सर्वश्रेष्ठ शहर बनाने के लिए उन्हें भरपूर आशीर्वाद दें। उन्होंने अपने पति और पूर्व महापौर प्रमोद दुबे के कार्यकाल को आदर्श बताते हुए कहा कि उनकी नीयत साफ और स्पष्ट है और यदि जनता का समर्थन मिला तो रायपुर को एक आदर्श शहर के रूप में स्थापित करेंगी। जनसंपर्क अभियान के तहत उन्होंने जोरा चौक, बजरंग चौक, लाभांडी स्कूल, शीतला माता चौक, सूरज नगर, रेयान स्कूल, विजय नगर चौक, आनंद निकेतन, रंग रोड,



परशुराम नगर, पुरेना बस्ती, गांधी चौक, सतनाम चौक, देवपुरी, डुमरतराई, कविता नगर, झंडा चौक, भवानी नगर, एमएमआई चौक, पटेल पारा, अंबेडकर पारा सहित कई इलाकों में लोगों से मुलाकात की। उक्त जानकारी प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने दी।

### कांग्रेस प्रत्याशी पनाग के समर्थन में विशाल रैली, उमड़ा जनसैलाब



रायपुर। कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी सतनाम सिंह पनाग के समर्थन में शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 63 में एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें हजारों समर्थक शामिल हुए। यह रैली कांग्रेस के मुख्य कार्यालय से शुरू होकर नंदी चौक, अमृत चौक, धीमर चौक होते हुए भगत सिंह चौक और श्रीराम चौक तक निकाली गई। इस दौरान सतनाम सिंह पनाग ने जनता से संवाद करते हुए कहा, मैं नेता नहीं, टिकरापारा का बेटा हूं। मेरा संकल्प है कि इस वार्ड के हर युवा को रोजगार मिले, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं लागू हों और क्षेत्र में विकास की नई गंगा बहे। जनता के बीच अपार उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने सतनाम पनाग का फूलमालाओं और जयकारों के साथ स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने उनके पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया।

### भाजपा प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू के समर्थन में चाय पर चर्चा



रायपुर। वार्ड 31 भाजपा की पार्षद प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू ने शुक्रवार को सरहद हाउसिंग बोर्ड में रहवासियों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लिया और भाजपा प्रत्याशी के प्रति समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने वार्ड के विकास और विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। रहवासियों ने कहा कि वार्ड को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए पुष्पा रोहित साहू को पार्षद बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर पुष्पा रोहित साहू ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, वार्ड के हर परिवार की भलाई मेरी प्राथमिकता होगी। मैं जनता की सेवा के लिए समर्पित हूं और वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करूंगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हाउसिंग के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र तिवारी, विजय गुप्ता, कुंज बिहारी शर्मा, ममता गोस्वामी, कुसुम गुप्ता, संजय सिंह, दिलीप, साजिदा, प्रतीक मिश्रा, आशीष बंशपाल और समस्त कॉलोनी उपस्थित रहे।

## सीएम साय का आज रायपुर में बड़ा रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का लगातार नगर निगमों में रोड शो हो रहा है। अब शनिवार को राजधानी रायपुर में बड़ा रोड शो होगा। इसमें चार घंटे में चारों विधानसभाओं में 32 किलोमीटर की जन आशीर्वाद यात्रा होगी। रोड शो का आगाज भनपुरी से दोपहर तीन बजे होगा। इसका समापन जयस्तंभ चौक पर सात बजे होगा। इसके पहले जगदलपुर में 12 बजे रोड शो होगा। भाजपा संगठन ने पांच दिनों में दस नगर निगमों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो और सभाओं की योजना बनाई है। अब तक कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव में सभाएं और रोड शो हो चुके हैं। शुक्रवार को चिरमिरी, अंबिकापुर और बिलासपुर में सभाएं और रोड शो हुए हैं। अब शनिवार को रायपुर और बस्तर में रोड शो होगा। अंतिम दिन धमतरी और दुर्ग में रोड शो किया जाएगा।



### भनपुरी से प्रारंभ होगा रोड शो

रायपुर के रोड शो में चारों विधानसभाओं के साथ सभी 70 वार्डों को कवर किया जाएगा। रायपुर ग्रामीण विधानसभा के भनपुरी से रोड शो का प्रारंभ दोपहर 3 बजे होगा। यहां से प्रारंभ होकर रोड शो गुढ़ियारी से रायपुर पश्चिम में प्रवेश करेगा। इस विधानसभा के बाद लाखेनगर से रायपुर दक्षिण विधानसभा में प्रवेश होगा। रोड शो पुरानी बस्ती, सदर बाजार से कटोरा तालाब होते हुए तेलीबांधा पहुंचेगा। तेलीबांधा से शंकर नगर, फाफाडीह, जवाहर नगर, शारदा चौक होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचेगा। यहां पर रोड शो का समापन होगा।

**ये होंगे शामिल**

रोड शो में मुख्यमंत्री साय के साथ प्रदेश के मंत्री और रायपुर नगर निगम के प्रभारी बनाए गए राम विचार नेताम, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर के विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे के साथ ही जिन वार्डों से रोड शो गुजरेगा, उन वार्डों के भाजपा के प्रत्याशी भी रोड शो में शामिल होंगे।

## कांग्रेस ने की रमन की निर्वाचन आयोग से शिकायत, भाजपा बोली- कांग्रेस को नियमों का ज्ञान नहीं

रायपुर। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में शिकात की है कि विधानसभा अध्यक्ष के संवैधानिक पद पर रहते हुए डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के भाजपा महापौर प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया है। इस मामले में भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा है, कांग्रेस को नियमों का ज्ञान ही नहीं है, इसलिए वे ऐसी बात कह रहे हैं। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर डा. रमन सिंह द्वारा राजनांदगांव में महापौर प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने पर आपत्ति दर्ज की है। पत्र में कहा गया है कि डा. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष हैं, ऐसे में वे संवैधानिक पद पर रहते हुए भाजपा का प्रचार कैसे कर सकते हैं।



### प्रचार में शामिल होना नियम विरुद्ध नहीं : संजय श्रीवास्तव

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, विधानसभा अध्यक्ष पद को संवैधानिक पद बताकर डॉ. सिंह के भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होने को संविधान का उल्लंघन बता रहे कांग्रेसियों में जरा भी शर्म बाकी नहीं रह गई है। मुद्दों के संकट से जूझ रही कांग्रेस हर बार खाली संविधान-संविधान की रट लगा रही है, जबकि वे न तो संविधान पढ़ते हैं, न संविधान को मानते हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए चरणदास महंत कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन, कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस के राजनीतिक आंदोलन में भाग लिया तब कांग्रेसियों ने तब मुंह में दही जमा रखा था। श्री श्रीवास्तव ने बताया, केंद्रीय चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश विधानसभा के स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर के विरुद्ध की गई इसी आशय की शिकायत पर स्पष्ट किया है कि विधानसभा स्पीकर के राजनीतिक और चुनावी अभियान में भाग लेने पर किसी तरह की रोक या पाबंदी नहीं है। आयोग का कहना है कि स्पीकर भी सदन का एक निर्वाचित सदस्य होता है। स्पीकर पर आदर्श आचार संहिता के वही सारे नियम लागू होते हैं, जो एक राजनीतिक व्यक्ति पर लागू होते हैं।

### ममता सोनू तिवारी का वादा हमारा वार्ड बनेगा आदर्श वार्ड



रायपुर। भक्त माता कर्मा वार्ड यानी वार्ड नंबर 67 में शुक्रवार का दिन बीजेपी प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी के नाम रहा। जिन्होंने आज उन्होंने अपने वार्डवासियों के साथ प्रचार अभियान के दौरान कहा कि समस्त वार्डवासियों के सामने यह सुनिश्चित करना चाहती हैं, यदि जनता का आशीर्वाद उनको मिलता है तो वे वार्ड की सुंदरता और सफाई को लेकर गंभीरता से प्रयास करेंगी, यही प्रमुख मुद्दा होगा। साथ ही उनका वार्ड पूरे रायपुर में सबसे सुंदर वार्ड बने, इसका पूरा प्रयास करेंगी। शुक्रवार को श्रीमति ममता सोनू तिवारी बीएसयूपी कॉलोनी भाठागांव, करण नगर आदि इलाकों में सघन जनसंपर्क किया। वार्डवासियों ने जनसंपर्क के दौरान उन्हें भरपूर आशीर्वाद दिया। इस दौरान उनका कई वैवाहिक कार्यक्रमों में भी जाना हुआ, जहां उन्होंने कई नवदंपति को उनके सुखी वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों से भी भेंट की।

### संतोष साहू का सघन जनसंपर्क, सभी समाजों का मिल रहा समर्थन

रायपुर। मतदाताओं ने वार्ड प्रत्याशी संतोष साहू जी को भारी मतों से जिताने का आश्वासन दिया है। शुक्रवार को मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 47 के भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू ने अपने मतदाता जागरूकता जनसंपर्क अभियान के तहत सुभाष नगर, उत्कल बस्ती, जलविहार कालोनी, रेड्डी गली, यादव पारा में सघन जनसंपर्क कर भाजपा महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे के लिए एवं वार्ड विकास के लिए आम नागरिकों से जनसमर्थन मांगा, जिस पर सभी समाजों का अपार जनसमर्थन उन्हें मिल रहा है। मतदाताओं ने 11 फरवरी को सबसे पहले मतदान फिर जलपान करने के लिए श्री साहू को आश्वस्त किया, साथ ही सनातनी हिंदुओं को अधिक से



अधिक मतदान कर रायपुर नगर निगम में भाजपा की सरकार बनाने के लिए जोरदार समर्थन देने का वादा आम नागरिकों ने किया है। इस दौरान सीमा साहू, राजू राघवानी, सोनू सलूजा, पोल्ले भारद्वाज, सुनील कुकरेजा, मोहन नेभानी, रवि रचदानी, सुरेश रंगलानी, किशोर आहूजा, रवि चरयानी, मिली बैनर्जी, फूलमणि सोनवानी, राजू साहू, नीलू साहू, बबलू पाठक, सुमित यादव,

### वार्ड 57 में भाजपा प्रत्याशी गिदवानी की भव्य रैली

रायपुर। पं. भगवतीचरण शुक्ला वार्ड 57 में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद प्रत्याशी अमर गिदवानी ने शुक्रवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी और कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे के साथ कटोरा तालाब केंद्रीय कार्यालय से संत कंवरराम चौक, गुड्डी माता चौक, रावण पुतला चौक, गोवर्धन चौक और एकता चौक तक भव्य पदयात्रा और रैली का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और भाजपा प्रत्याशी के प्रति अपना समर्थन जताया। रैली के दौरान अमर गिदवानी ने वार्ड की जनता को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना,



महतारी वंदन1 योजना, पट्टा वितरण, जल निकासी, सफाई व्यवस्था जैसी योजनाओं का लाभ वार्ड के हर घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड के नए हितग्राहियों को भी जल्द से जल्द सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### वार्ड 54 में सुषमा तिलक साहू का जनसंपर्क अभियान

रायपुर। कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड यानी वार्ड नंबर 54 में शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी सुषमा तिलक साहू ने एक बार फिर से साबित किया कि वे वार्ड में लोकप्रियता की सबसे ऊंची पायदान पर हैं। उन्होंने अपने वार्ड के कई इलाकों में सघन जनसंपर्क किया। वार्डवासियों ने जनसंपर्क के दौरान सुषमा तिलक साहू को भरपूर आशीर्वाद दिया। वे



आम जनता से किसी राजनीतिक व्यक्ति की तरह नहीं मिल रही हैं, बल्कि वो उनके एक पारिवारिक सदस्य के तौर में भेंट कर रही हैं। श्रीमति सुषमा तिलक साहू का ये सरल व्यक्तित्व ही उन्हें दूसरे प्रत्याशियों से अलग और बेहतर बनाता है, बहरहाल उनका कहना है कि जनसंपर्क अभियान के जरिए वे वार्ड की समस्याओं को देख, सुन और समझ रही हैं और अभी से उनके निराकरण का ब्लूप्रिंट भी तैयार कर रही हैं।

### मिलनसार छवि के भाजपा प्रत्याशी गज्जू साहू को मिल रहा जनसमर्थन



रायपुर। वार्ड नंबर 16 संतोषी नगर क्षेत्र एवं संन्यासीपारा आदि क्षेत्रों मे जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी गज्जू साहू ने आमजनों से अपने पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान जनता एवं मतदाताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। 5 साल में उन्होंने वार्ड के विकास को एक नया आयाम देते हुए जन-जन के आत्मीय संबंध भी बनाए हैं। उनकी मिलनसार प्रवृत्ति एवं मीठी मुस्कान वार्ड में बहुत ही प्रसिद्ध है, जिसके कारण उनकी छवि बहुत ही सहज और सरल मानी जाती है। गज्जू साहू ने मतदाताओं को वचन देते हुए यह वक्तव्य कहा कि इस चुनाव में भी मतदाताओं का उन्हें यदि सहयोग प्राप्त होता है तो अपने वार्ड को सर्वांगीण विकास के मार्ग पर ले जाते हुए वह वार्ड को रायपुर नगर निगम के सर्वाधिक सुंदर वार्डों में उच्च स्थान दिलाने का पूरा प्रयत्न करेंगे। प्रचार के दौरान उनके साथ मोहन उपारकर, गोदावरी साहू, के. सत्या बाबू, सुंदर लहरे, विजय प्रजापति, दुर्वास मटाले, भाऊसिंग ठाकुर, रूपेश साहू, गोविंद सोनवानी, महेश लहरे, रामेश्वर लहरे, गजानंद सिन्हा, अनिल सोनवानी, हेमंत साहू, शम्मी यादव, बबलू, राहुल साहू, दीपेश साहू, लक्ष्मण राव, राजू महाराणा, कृष्णा साहू, मेघा नेवारे, राधिका गुप्ता, युगल किशोर वर्मा, वेंकट बाबू, जग्गू साहू, रुप्पू साहू आदि का महत्वपूर्ण सहयोग मिला। उक्त जानकारी गुढ़ियारी मंडल भाजपा मीडिया प्रभारी बालकृष्ण साहू ने दी।

## खबर संक्षेप

### आद्र भूमि की रक्षा के लिए हुई कार्यशाला



**अभनपुर।** जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ शासन के तत्वावधान में आयोजित विश्व आद्र भूमि की रक्षा सबके सुरक्षित भविष्य के लिए पर एक दिवसीय कार्यशाला में लंबे समय से वेटलैंड (आद्रभूमि) पर ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों मे कार्य कर रहें खारून शिक्षण समिति खोरपा के संस्थापक प्रभात मिश्र ने वेटलैंड के विषय मे जानकारी देते बताया कि नेचुरल वेटलैंड और मनुष्य निर्मित वेटलैंड ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन में अहम योगदान प्रदान किया है। जलोध भूमि कार्बन को अवशोषित करने का कार्य करते हैं। छत्तीसगढ में 2.5 प्रतिशत आद्रभूमि है जो जैव विविधता के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला में विषयांतर्गत तकनीकी चर्चा के साथ-साथ समस्या समाधान पर बात हुई। इस मौके पर ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

### कुकरा में डांस स्पर्धा आज

**आरंग।** ग्राम कुकरा में महामाया संग्राम बिंदास नवयुवक मंडल महामाया चौक द्वारा 8 फरवरी को डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रुप डांस में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार 15025 रुपए, 10025 रुपए व 5025 रुपए व युगल-एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 5025 रुपए, द्वितीय 3025 रुपए व तृतीय पुरुस्कार 2026 रुपए प्रदान किए जाएंगे। उक्त जानकारी गोपाल साहू ने दी।

### व्यायाम, मनोरंजन व योग सेमिनार आज और कल

**अभनपुर।** नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर में दीघार्यु जीवन के लिए व्यायाम, मनोरंजन एवं योग की भूमिका पर 8 व 9 फरवरी को राष्ट्रीय सेमीनार आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शामिल होकर आयुवृद्धि, शारीरिक गतिविधियां, मनोरंजन, आहार, योग सहित आदि पहलुओं पर व्याख्यान देंगे। वहीं तकनीकी सत्रों में 20 से अधिक शोध पत्र शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। उक्त जानकारी डॉ. विवेक मिश्रा द्वारा प्रदान की गई है।

### 12 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह आज

**रायपुर।** कर्ण फॉउंडेशन द्वारा 8 फरवरी को सिंधु भवन बीटीआई मैदान शंकर नगर में 12 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह संपन्न कराया जाएगा। विवाह धनेंद्र साहू पूर्व मंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं अमित शुक्ल पूर्व मंत्री विशिष्ट अतिथि तथा टहलराम साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के आयोजक चंद्रवती साहू, शत्रुहन लाल साहू तथा सलाहकार विद्यादेवी साहू, अविनाश चंद्र, आकाश किरण, श्वेता साहू, पद्मिनी साहू हैं।

### मकान में चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने मकान में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरोना स्थित दीपक पांडे के मकान में 4 फरवरी की रात चोरी हो गई थी।

## प्रवचन : चरौदा में कथा के अंतिम दिन सुदामा व रूक्मिणी की कथा बताई

# सच्ची मित्रता में छल कपट की कोई जगह नहीं होती है : आचार्य संजय

### भगवान कृष्ण व सुदामा की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां

ग्राम चरौदा में आयोजित भागवत कथा के अंतिम दिवस शुक्रवार को कथा वाचक आचार्य श्रद्धेय पंडित संजय शर्मा निनवा वाले ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने माया को आदर देते हुए सर्वप्रथम रुक्मणी जी से विवाह किए। उसके बाद क्रमशः सत्यभामा, जामवंती, कालिंदी, आदि उनकी आठ पटरानीयां हुई। तत्पश्चात नरकासुर के कारागाह मे बंद सोलह हजार एक सौ रानियों को बंधन मुक्त कराए और उन सबका मान रखने के लिए उनसे विवाह किए।

आचार्य जी ने बताया कि हिन्दू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह दो शब्दों से मिलकर बना है वि + वाह। अतः इसका शाब्दिक अर्थ है- विशेष रूप से (उत्तरदायित्व का) वहन करना। 'पाणिग्रहण संस्कार' को सामान्य रूप से 'हिन्दू विवाह' के नाम से जाना जाता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार विवाह कोई शारीरिक या सामाजिक अनुबन्ध मात्र नहीं हैं, यहां दाम्पत्य को एक श्रेष्ठ आध्यात्मिक साधना का भी रूप दिया गया है। इसलिए कहा गया है 'धन्यो गृहस्थाश्रमः'। सद्गृहस्थ ही समाज को अनुकूल व्यवस्था एवं विकास में सहायक होने के साथ श्रेष्ठ नई पीढ़ी बनाने का भी कार्य करते हैं। आगे आचार्य जी ने सुदामा चरित्र की कथा का वृतांत सुनाते हुए कहा कि सुदामा जी अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे। सुदामा की दयनीय दशा को देखकर द्वारपालों ने प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया। मित्र सुदामा के आने की सूचना पर भगवान कृष्ण नंगे पैर आए। सुदामा को राज सिंहासन पर बिठाकर उनके पैरों लगे घाव को देखकर रो पड़े। भगवान कृष्ण ने अपने आसुओं की धार से मित्र सुदामा के पैरों को धो दिया। सुदामा द्वारा उपहार में लाए दो मुट्ठी चावल खाकर उनको दो लोकों का राजा बना दिया। भगवान कृष्ण व सुदामा की सुंदर कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं, पर परमात्मा ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है। वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था। जिसे देखने वाले अचंभित रह गए थे। आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। सेवा के द्वारा ही व्यक्ति महान बनता है।



#### श्रीकृष्ण व सुदामा की दोस्ती मिसाल

आचार्य श्री ने कहा कि मित्र से कभी छल कपट न कर उसके सहयोग की भावना होनी चाहिए। मित्रता में ऊंच नीच का भेदभाव नहीं होना चाहिए। मित्रता के बीच कभी अमीर गरीब की दूरी भी नहीं होनी चाहिए। हर एक परिस्थिति में एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। आज के इस दौर में भी श्रीकृष्ण व सुदामा के बीच दोस्ती की मिशाल दी जाती है। परीक्षित मोक्ष कथा में उन्होंने बताया कि श्रृंगी ऋषि के श्राप को पूरा करने के लिए तक्षक नामक सांप वेश बदलकर राजा परीक्षित के पास पहुंचा। डसने से जहर के प्रभाव से राजा का शरीर जल जाता है। मृत्यु हो जाती है, उनको मोक्ष प्राप्त होता है।

#### श्रेष्ठ कर्म से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव

उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से ही सारे पापों का नाश हो जाता है। वह जमीन पवित्र हो जाती है। संसार में मनुष्य को सदा अच्छे कर्म करना चाहिए। तभी उसका कल्याण संभव है। माता-पिता के संस्कार ही संतान में जाते हैं। संस्कार ही मनुष्य को महानता की ओर ले जाता है। श्रेष्ठ कर्म से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। अहंकार मनुष्य में ईर्ष्या पैदा कर अंधकार की ओर ले जाता है। मनुष्य को सदा सतकर्म करना चाहिए। उसे फल की चिंता ईश्वर पर छोड़ देनी चाहिए। वर्तमान समय में सच्चे मित्र कम ही मिलते हैं. कथा के अंतिम कथा सुनने श्रोताओ की अपार भीड़ उमड़ पडी।

# तीन बच्चों के साथ लापता महिला रायपुर में मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

29 जनवरी को अपने तीन बच्चों के साथ घर से निकली महिला को आरंग पुलिस ने रायपुर में ढूंढ निकाला है। सकुशल मिलने के बाद पुलिस ने महिला और उसके तीनों बच्चों को परिजनों को सौंप दिया है। आपको बता दे कि आरंग के नया बिजली ऑफिस के पास रहने वाली शकुन लोधी अपने दो बेटे और एक बेटी के साथ बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए घर से निकली थी। काफी देर घर नहीं लौटने पर जब परिजन स्कूल पहुंचे तो बच्चे स्कूल आए ही नहीं थी। किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत परिजनों ने तुरन्त आरंग पुलिस को सूचना दी और खोजबीन शुरू हुई। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि गुम महिला और बच्चों के लिए की खोजबीन के लिए टीम गठित की गई थी।

6 फरवरी को महिला और बच्चों के लापता होने की खबर प्रकाशन के बाद 06 फरवरी की रात ही महिला के रायपुर के मेकाहारा के पास होने की जानकारी मिली। जिसके बाद नजदीकी थाना को सूचित किया गया और पहले महिला को मौदहापारा थाना लाया गया। रात में ही आरंग पुलिस महिला के परिजनों के साथ मौदहापारा थाना पहुंची और चारों को सकुशल घर लाया गया है। थाना प्रभारी ने महिला को ढूंढने में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रिंट मीडिया को बधाई देते हुए आभार जताया है।

# गुल्लू में अमृत सरोवर कार्य स्थल पर मनाया रोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम गुल्लू में राष्ट्रीय ग्रामीण महात्मा गांधी मनरेगा योजना के तहत रोजगार दिवस मनाया गया। ज्ञात हो कि ग्रामीण व नए श्रमिकों को मनरेगा की विशेषताओं की जानकारी देने के उद्देश्य से रोजगार दिवस 7 तारीख को प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनाया जाता है। ग्राम के रोजगार सहायक नेहरू लाल साहू ने कहा कि गांव में योजना से रोजगार मिल रहा है, इसलिए गांव के विकास में हिस्सेदारी निभाए और बेहतर कार्य करते हुए रोजगार प्राप्त करें। वहीं अशोक यादव ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि



इसके माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि, पलायन की रोकथाम व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक कार्य किया जा रहा है। मनरेगा में अधिक संख्या में महिलाओं को जोड़ने पर भी जोर दिया महिलाएं मनरेगा में जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इच्छुक महिलाएं मनरेगा से जुड़ सकती हैं। कार्यक्रम में जगदीश धीवर, महिला मेट गंगा यादव, कमलेश्वरी साहू, नूतन साहू, पुष्पा यादव, जया पटेल, द्वारिका लोधी, जितेंद्र साहू, रामगोपाल पटेल, कांति धीवर, नेतराम धीवर, मानकी धीवर आदि उपस्थित रहे।



# मकान का पट्टा, गैस सिलेंडर का लाभ लोगों तक पहुंचाया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका अभनपुर में भाजपा प्रत्याशी शिवनारायण बघेल के लिए प्रचार कर वोट मांगने के लिए रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक इन्द्रकुमार साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज आदि लोगों ने नुक्कड़ सभाएं व रोड शो कर कहा कि अभनपुर में भाजपा प्रत्याशी को जिताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं जिससे सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में आसानी होगी। सरकार की उपलब्धियों को गिनाते कहा कि महतारी वंदन का लाभ, मकानों का पट्टा, गैस सिलेंडर का लाभ आदि ऐसे सैकड़ों योजनाएं हैं जिसे नगर पालिका के माध्यम से ही आमजनता तक पात्र लोगों को लाभ पहुंचाया जायेगा साथ ही विकास के मामले में भी पार्टी का व्यक्ति चुनाव जीतकर आने से उसको हरसंभव मदद मिलेगी तथा नगर का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होने लोगों को भरोसा दिलाया कि आप भाजपा प्रत्याशी को जिताकर भेजे विकास की गारंटी हमारी होगी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल जैसे बड़े नेताओं के चुनाव प्रचार में पहुंचने से चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है तथा भाजपा के प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं में नया जोश देखने को मिला। वहीं विधायक इन्द्रकुमार साहू भी प्रत्याशी के समर्थन मे घर घर दस्तक दे रहे हैं।

# नपा चुनाव में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग नपा अध्यक्ष और पार्षद पद के चुनाव में महिला मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकता है। 17 वार्डो की संख्या वाले नपा आरंग में कुल 19423 मतदाता है। इसमें महिला मतदाता की संख्या 360 अधिक है। जो चुनाव के परिणाम को प्रभावित कर सकती है। कुल 19423 मतदाता में 9531 पुरुष मतदाता और 9891 महिला मतदाता है। बारह वार्डो में मतदाताओं की संख्या एक हजार से अधिक है। वहीं पांच वार्डो में मतदाताओं की संख्या एक हजार से कम है। कुल सत्रह वार्डो में सिर्फ दो वार्ड ही ऐसे है जहां पुरुष मतदाता अधिक है। शेष सभी वार्डो में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है जो उम्मीदवार के जीत हार को प्रभावित कर सकती है।




सात वार्डो में पार्षद पद के चुनाव करने में महिलाएं निर्णायक भूमिका में रह सकती हैं। इन वार्डो में पुरुष मतदाता की अपेक्षा महिला मतदाता औसतन 50 से अधिक है। यहां यह बात दे की पालिका क्षेत्र में थर्ड जेंडर की एक मात्र मतदाता है।

# सूने मकानों में चोरी, लाखों के सामान के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के सूने मकानों की रेकी करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने राखी थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 5 सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर लाखों रुपए के सामान पार किए थे। पुलिस ने उसके कब्जे से फिलहाल 11 लैपटॉप, 2 ट्रॉली बैग, कपड़ा, 2 हाथ घड़ी, 8 लैपटाप चार्जर, 4 कम्प्यूटर माउस, 1 हार्ड डिस्क एवं एलईडी टीवी बरामद की है। आरोपी मूलतः राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस ने सूने मकानों में चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए बताया कि अमन कुमार तिवारी ने राखी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह सेक्टर-29 स्थित ब्लाक नंबर 14 के 307 नंबर मकान में रहता है तथा वह बालको मेडिकल सेंटर नवा रायपुर के चिकित्सा अभिलेख विभाग में एक्जिक्यूटिव पद पर कार्यरत है। जनवरी में 7 तारीख को वह सुबह 9 बजे घर में ताला लगाकर ड्यूटी चला गया था। दोपहर वापस पहुंचा तो घर के दरवाजा की कुंडी टूटी थी और अंदर बेडरूम में रखे सामान चोरी हो गए थे।

# बैज बोले- भारतीय नागरिकों को इस तरह भेजना शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी दुर्भाग्यजनक

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, गुरुवार का दिन देश के लिए शर्मनाक दिन रहा, वह इसलिए, क्योंकि अमेरिका में हमारे अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियों और बेड़ियों से जकड़कर अमेरिका सेना के विमान से भारत भेजा गया और इस पूरे घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री चुप हैं।

श्री बैज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक शब्द भी नहीं बोलना सबसे बड़ा दुर्भाग्यजनक है। हमारे प्रवासी भारतीयों ने ऐसा कौन-सा गुनाह किया था, जो उनको हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर अमेरिकी सेना के विमान से यहां लाया गया? आखिर सेना के विमान को यहां उतरने की अनुमति सरकार ने क्यों दी? हमारे देश के विमान से यहां लाते, सम्मान से लाते। कोलंबिया एक उदाहरण है, वहां के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सेना के जहाज को अपने देश में उतरने नहीं दिया, वापस भेजा और ससम्मान खुद के विमान ने अपने नागरिकों को ले आए तथा एयरपोर्ट पर उन्होंने बकायदा स्वागत भी किया। श्री बैज ने कहा, 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री मोदी क्यों चुपचाप हैं। हमारे देश के नागरिकों से अपमानजनक व्यवहार हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

**The Court Of 1 Additional Judge To I Civil Judge Class-1, District Court, Narmadapuram**
**Presiding Officer : श्री शिव चरण पटेल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC SUC/0000015/2024)

निर्मित अग्रवाल ...... वादी
Vs
शीला अग्रवाल, ...... प्रतिवादी
Process Id- /2025 पेशी दिनांक :- 10/03/2025

**प्रेषिती-**
(1)बालकृष्ण अग्रवाल पिता स्व. सालिगराम अग्रवाल पता निवासी-3, मेन रोड राम कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़

यह कि प्रार्थी निर्मित अग्रवाल ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 06 February 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुहर

**न्यायाधीश**
**(शिवचरण पटेल) प्रथल सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

**शपथ पत्र**

मैं, सुरेन्द्र भत्रा, पिता श्री छिनु भत्रा, निवासी- 17/884, नहर पारा, हनुमान मंदिर के पास, रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नकथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि -

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मेरी पुत्री भूमि भत्रा (Bhoomi Bhatra), Govt. Primary School Vivekanand Nagar, Raipur C. G. में कक्षा 5 वीं में अध्यनरत है।
3. यह कि मेरी पुत्री के प्रवेश के दस्तावेज (हलफनामा रजिस्टर) में मेरी पुत्री का नाम भूमि भत्रा (Bhumi Bhatra), अंकित हो गया है जो कि नाम भूमि के स्पेलिंग में त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि मेरी पुत्री का नाम भूमि भत्रा (Bhoomi Bhatra ) है जो कि सत्य व सही है जो आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।
5. यह कि मेरी पुत्री के प्रवेश के दस्तावेज ( हलफनामा रजिस्टर) में नाम भूमि भत्रा (Bhoomi Bhatra) अंकित करवाने के संबंध में यह शपथ पत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ ताकि सही स्पेलिंग भूमि भत्रा (Bhoomi Bhatra) दर्ज किया जावे।

**शपथकर्ता**

**-: सत्यापन :-**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में दी गई जानकारी मेरे स्वयं के निजी ज्ञान से सत्य व सही है। अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनाँकः 07.02.2025

**सुरेन्द्र**
**शपथकर्ता**

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

अब नई जगह ओम डेन्टल हॉस्पिटल
• दर्द रहित रुट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) Painless • डेंटल इम्पलांट (Dental Implants)
• टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा • दांतो की Scaling & Polishing
• दांतो की Bleaching • दांत दर्द और सेंसिटिविटी कैविटी और दांतों का सड़ना • मुंह के संक्रमण
• मसूड़ों की बीमारी • अक्ल दाढ़ निकालना • दांतों की सफाई • सभी प्रकार के दंत रोगों का इलाज
गंभीर देखभाल
मसूड़ो का गंभीर संक्रमण
ओरल कैंसर, डेंटल एब्सेस
टीएमजे समस्या टूटे या फंसे दांत
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान — 17 वर्षो से आपके सेवा में
• महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
• अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉंडिलाइटिस
• पुरुष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
• चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
• पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
• किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
• शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
• स्नायू (वर्ष) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
• केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,
सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें:
84351-99964
शॉप नं. 5, शुभम विला अपार्टमेंट, मेनरोड, न्यू राजेन्द्र नगर मेडिशाइन हॉस्पिटल के पास, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# पढ़ाई सीबीएसई की, परीक्षा सीजी बोर्ड की, अब रायपुर केपीएस में पालकों का हंगामा

## पांचवी-आठवीं के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़, डीईओ ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सालभर सीबीएसई के पाठ्यक्रम के अनुरूप पढ़ाई करने के बाद कृष्णा पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने पांचवी-आठवीं के बच्चों की परीक्षा सीजी बोर्ड से लिए जाने घोषणा कर दी। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ होने से नाराज पालकों ने आरंग के बाद रायपुर के शंकरनगर स्थित केपीएस में जमकर हंगामा कर दिया। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने दोनों स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जानकारी के अनुसार आरंग और रायपुर के केपीएस के ब्रांच में पांचवी और आठवीं के करीब दो सौ छात्र पढ़ाई करते हैं। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन उनके बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। सालभर बच्चों को सीबीएसई पाठ्यक्रम की पढ़ाई कराई गई है और अब परीक्षा का आयोजन सीजी बोर्ड के पाठ्यक्रम के अनुसार करने की तैयारी है। इस बात से नाराज दोनों स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के पालकों ने स्कूलों में हंगामा कर दिया। गुरुवार को आरंग के कृष्णा पब्लिक स्कूल में पालकों की भीड़ जुटी रही और उन्होंने स्कूल प्रबंधन को आड़े हाथों लिया। इसके बाद शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के अभिभावक राजधानी के शंकरनगर स्थित केपीएस में एकत्रित हुए और इस मामले में स्कूल प्रबंधन के कामकाज पर अंगुली उठाई। काफी देर तक हंगामा होता रहा और स्थिति विपरीत होने की आशंका पर स्कूल प्रबंधन की ओर से उच्च स्तर पर बातचीत कर सोमवार तक उन्हें जानकारी देने का आश्वासन दिया गया है। इस मामले को शिक्षा विभाग ने भी गंभीरता से लिया है। उनकी ओर से केपीएस के दोनों ब्रांच के प्रबंधन को नोटिस जारी कर सोमवार कर तक जवाब मांगा गया है।

### बच्चे के परफारमेंस पर असर

बच्चों के पैरेंट्स प्रतिभा राजपूत, गौरव चंद्राकर ने बताया कि दोनों के पैटर्न अलग-अलग हैं, इसलिए बच्चों के लिए यह समस्या का कारण बन सकता है और उनके परफार्मेंस पर भी इसका असर हो सकता है। उनका यह आरोप है कि शुरुआत में उनसे फीस सीबीएसई के अनुसार ली गई है, मगर परीक्षा सीजी बोर्ड के अनुसार ली जा रही है। इसे लेकर स्कूल प्रबंधन से चर्चा की गई, मगर उसकी ओर से शासन के नियम का हवाला दिया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि सीबीएसई में पांचवीं, आठवीं के होम एग्जाम हैं, जिसे होल्ड पर रखा जा रहा है।



### नोटिस दिया पूछताछ करेंगे

स्कूलों को मान्यता शिक्षा बोर्ड देता है। इस मामले में दोनों स्कूलों को नोटिस जारी कर परीक्षा पैटर्न में बदलाव के संबंध में जानकारी मांगी गई है।

- विजय खंडेलवाल, जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर

## खबर संक्षेप

### 12 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह आज

**रायपुर।** कर्ण फॉउंडेशन द्वारा 8 फरवरी को सिंधु भवन बीटीआई मैदान शंकर नगर में 12 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह संपन्न कराया जाएगा। विवाह धनेंद्र साहू पूर्व मंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं अमित शुक्ल पूर्व मंत्री विशिष्ट अतिथि तथा टहलराम साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के आयोजक चंद्रवती साहू, शत्रुहन लाल साहू तथा सलाहकार विद्यादेवी साहू, अविनाश चंद्र, आकाश किरण, श्वेता साहू, पद्मिनी साहू हैं।

### मकान में चोरी, तीन आरोपी धरे गए



**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने मकान में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरोना स्थित दीपक पांडे के मकान में 4 फरवरी की रात चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी ईश्वर ध्रुव, राहुल गोखले एवं अमनकुमार ऊर्फ चेपला को गिरफ्तार किया है। तीनों बीएसयूपी कॉलोनी सरोना के रहने वाले हैं। तीनों के कब्जे से चोरी के सामान में सोने का मंगलसूत्र, लॉकेट, अंगूठी जोधा रिंग, कान की बाली, नथनी, चांदी की पायल, बिछिया व नकदी सहित दो लाख रुपए जब्त किए हैं।

### सेंट्रल जेल का सहायक अधीक्षक और प्रहरी सस्पेंड

**रायपुर।** रायपुर केंद्रीय जेल में बीते 31 जनवरी को सजा काट रहे बंदियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। सहायक जेल अधीक्षक उदय राज गायकवाड़, प्रहरी जागेश्वर कुर्रे और पवन जायसवाल को सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य के निर्देश पर की गई है। बंदी पीयूष पांडे के पिता पुरुषोत्तम पांडे ने आरोप लगाया था कि विगत 31 जनवरी को एनडीपीएस के आरोप में 18 महीने से रायपुर केंद्रीय जेल में सजा काट रहे एक बंदी पीयूष पांडे की मां उससे मिलने गई थी।

## 60 से ज्यादा लोगों से कर चुके हैं 5 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी

# ठग गिरोह का भंडाफोड़, छह जालसाज गिरफ्तार सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर करते थे ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने सरकारी विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के लोग मंत्रालय के उच्च अधिकारियों से परिचय होना बताकर लोगों को अपने झांसे में लेकर उनसे मोटी रकम लेकर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे।प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि गिरोह 60 से अधिक लोगों को अपना शिकार बना चुका है, जिनसे 5 करोड़ रुपए से भी अधिक रकम लेकर धोखाधड़ी की गई है।

पुलिस ने आशंका जताई है कि इस गिरोह में और कई लोग शामिल हैं, जिनका पता लगाने आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने इस ठग गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि 29 जनवरी 2025 को प्रार्थिया अंजना गहिरवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फरवरी 2021 को वह अपने परिवार के साथ मौसा-मौसी देवेंद्र जोशी एवं झगीता जोशी के घर आई थी, जहां बातचीत के दौरान उसने सरकारी नौकरी करने की इच्छा जाहिर की। इस पर देवेंद्र एवं उसकी पत्नी ने बताया कि उनकी बड़े अधिकारियों से जान पहचान है, जो सेटिंग कर सरकारी नौकरी लगाते हैं। यह जानने के बाद अंजना ने अपने परिचित गजेंद्र लहरे, कुणाल देव, भुनेश्वर सोनवानी सहित अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी ने नौकरी पाने के लालच में 25-25 लाख रुपए जोशी दंपति को दे दिए, लेकिन रकम लेने के बाद दंपति ने नौकरी नहीं लगाकर सबसे धोखाधड़ी की। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया था। जांच के दौरान पता चला कि यह काम सिर्फ जोशी दंपति का नहीं, बल्कि इसके पीछे गिरोह है।



**आरोपियों के कब्जे से 50 लाख कीमत का सामान बरामद:** आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 3 मोबाइल, 4 सोने के सिक्के, 1 सोने का हार, 1 बिंदिया, 2 एसी, 1 फ्रीज, 2 पंखा, 1 होम थियेटर, 1 स्कार्पियो वाहन, 1 स्कूटी वाहन जब्त किया है।

### मंत्रालय की फर्जी ईमेल आईडी और वाहन में शासन के नाम की पट्टिका

गिरोह के लोग शिकार को झांसे में लेने के लिये अपने वाहन में छत्तीसगढ़ शासन की नाम पट्टिका का उपयोग किया करते थे, साथ ही मंत्रालय का फर्जी ईमेल आईडी भी तैयार किया था। इस आईडी से वे बेरोजगारो को मेल के माध्यम से फर्जी नियुक्ति पत्र भेजा करते थे। इस प्रकरण में अब तक लगभग 20 से अधिक पीड़ितों की पहचान की जा चुकी है, जिनसे अलग से पूछताछ एवं दस्तावेज इकट्ठा कर बारीकी से जांच की जा

### जोशी दंपति से पूछताछ में गिरोह का खुलासा

पुलिस ने इस मामले में जोशी दंपति को गिरफ्तार कर जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की, तो पता चला कि इस ठगी में एक गिरोह काम कर रहा है, जिसके सदस्य स्वप्निल दुबे 44 वर्ष निवासी गोकुल विहार बोरियाखुर्द, नफीज आलम 33 वर्ष निवासी अमन नगर मोवा पंडरी, हलधर बेहरा 31 वर्ष ग्राम बसायी पटेलपारा थाना धरमजयगढ़ रायगढ़ एवं सोमेश दुबे 44 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ थाना नयापारा वर्तमान पता एकलब्य विद्यालय

### आरोपियों में एक रेलवे का कर्मचारी

*आरोपियों में एक रेलवे का कर्मचारी भी है। स्वप्निल दुबे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के वैगन रिपेयर शॉप में तकनीशियन-1 के पद पर कार्यरत है। स्वप्निल दुबे ने पुलिस की पूछताछ में अपने साथी सोमेश दुबे, नफजी आलम एवं अन्य लोगों के नाम की जानकारी दी है। पुलिस को पता चला था कि स्वप्निल ही लोगों को इंद्रावती भवन में वैरिफिकेशन के लिए भेजा करता था।*

### ठगी की रकम को कई चीजों में किया इन्वेस्ट

*ठगी से आने वाली रकम को आरोपियों ने कई चीजों में इन्वेस्ट भी किया है। जमीन व फ्लैट खरीदने से लेकर क्रिप्टो करेंसी, इलेक्ट्रानिक्स उपरकरण में भी इन्वेस्ट किया है। इसके अलावा विभिन्न बैंक खातों में रकम जमा कराई है। पुलिस को आरोपियों के बताए गए बैंक खातों में लगभग 15 लाख रुपए मिले हैं, जिसे होल्ड कराया गया है।*

### खरीदी गई जमीन की बिक्री पर रोक

*आरोपियों ने ठगी की रकम से ग्राम सोनपैरी, टेकारी, कमल विहार सहित अन्य जगहों पर जमीन खरीदी है। इन सभी जमीनों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है।*

## अब पेट्रोल पंपों पर भी होगी वाहनों की प्रदूषण जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए छत्तीसगढ़ में अब पेट्रोल पम्पों पर वाहनों की प्रदूषण जांच के सेंटर (पीयूसी) स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए पेट्रोलियम कम्पनियों ने अपनी सहमति दे दी है। पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित होने से वाहन चालकों को पीयूसी प्रमाण पत्र बनवाने में आसानी होगी और उन्हें अन्य केंद्रों की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा, यह पहल वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मददगार और राज्य में पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 फरवरी को परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में वाहनों के धुएं से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत 7 फरवरी 2025 को परिवहन सचिव एवं परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक में पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केंद्र (पीयूसी सेंटर) स्थापित करने पर सहमति जताई। यह निर्णय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे वायु प्रदूषण को नियंत्रित कर आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सके। बैठक में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के मुख्य प्रबंधक उपेन्द्र गिरी, भारत पेट्रोलियम के चीफ मैनेजर बी. देवकुमार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंधक श्रेयस गुप्ता और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के मुख्य प्रबंधक गौतम कुमार सहित परिवहन विभाग और पेट्रोलियम कंपनियों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सूने मकानों में चोरी की वारदात, लाखों के सामान के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के सूने मकानों की रेकी करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने राखी थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 5 सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर लाखों रुपए के सामान पार किए थे। पुलिस ने उसके कब्जे से फिलहाल 11 लैपटॉप, 2 ट्रॉली बैग, कपड़ा, 2 हाथ घड़ी, 8 लैपटाप चार्जर, 4 कम्प्यूटर माउस, 1 हार्ड डिस्क एवं एलईडी टीवी बरामद की है। आरोपी मूलतः राजस्थान का रहने वाला है।

पुलिस ने सूने मकानों में चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए बताया कि अमन कुमार तिवारी ने राखी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह सेक्टर-29 स्थित ब्लाक नंबर 14 के 307 नंबर मकान में रहता है तथा वह बालको मेडिकल सेंटर नवा रायपुर के चिकित्सा अभिलेख विभाग में एक्जिक्यूटिव पद पर कार्यरत है। जनवरी में 7 तारीख को वह सुबह 9 बजे घर में ताला लगाकर ड्यूटी चला गया था। दोपहर वापस पहुंचा तो घर के दरवाजा की कुंडी टूटी थी और अंदर बेडरूम में रखे सामान चोरी हो गए थे। अमन की रिपोर्ट पर पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। इस जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से आरोपी मुकेश कुमार चौधरी 32 वर्ष निवासी सेक्टर-29 मकान एचआईजी 383 नवा रायपुर के बारे में जानकारी मिली। मुकेश मूलतः ग्राम गोठडा भूरकान थाना दादिया जिला सीकर राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस ने हिरासत में लेकर जब आरोपी से पूछताछ की, तो उसने अमन तिवारी के साथ अन्य 4 स्थानों पर सूने मकान से चोरी करने का जुर्म कबूल किया। इस तरह आरोपी के कब्जे से चोरी के करीब चार लाख कीमत के सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 305, 331(3) बीएनएस, अपराध क्रमांक 23/25 धारा 305, 331(3) बीएनएस, 24/25 धारा 305, 331(3) बीएनएस एवं धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

*सिम्स के त्वचा रोग विभाग में एडमिशन पर उठी अंगुली, शिकायत अधिकारियों से*

# चार महीने से चल रही एमडी-एमएस की प्रवेश काउंसिलिंग में बोनस अंक पर फिर उपजा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवंबर के पहले सप्ताह में मेडिकल कालेजों के एमडी-एमएस की सीटों पर प्रवेश के लिए शुरू हुई कांउसिलिंग चार माह बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। पहले राउंड के बाद शासकीय सेवा के बदले चिकित्सा अधिकारियों को दिया जाने वाला बोनस अंक फिर विवाद का कारण बन गया है। बिलासपुर सिम्स में बोनस अंक के आधार पर दूसरे राउंड में त्वचा रोग विभाग की सीट पाने छात्र के खिलाफ अफसरों से शिकायत की गई है। आरोप है कि उसे तीस प्रतिशत बोनस अंक गलत तरीके से दिया गया है। मेडिकल कालेज के पीजी प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू हुई थी। विभिन्न प्रक्रिया और अदालत तक पहुंचने वाले मामलों की वजह से हुई लेटलतीफी के बाद पहले राउंड का एडमिशन दिसंबर में हुआ। उस दौरान रायपुर मेडिकल कालेज में रेडियो डायग्नोसिस की सीट पाने वाले डाक्टर के बोनस अंक पर सवाल खड़ा किया गया था। जांच में तीस प्रतिशत बोनस अंक का आवंटन नियमानुसार नहीं होने की वजह से उसका एडमिशन रद्द हुआ और बाद में उसे दूसरी सीट मिली थी। दूसरे राउंड के एडमिशन में भी यही मसला सामने आ गया है। इस बार सिम्स में डर्मेटोलॉजी की सीट पाने वाले चिकित्सा अधिकारी डा. भावेश पटेल को 30 फीसदी बोनस अंक देने में गड़बड़ी किए जाने की शिकायत अन्य उम्मीदवारों ने की है।



### क्या है बोनस अंक

नियम के मुताबिक एमबीबीएस के बाद हेल्थ सेंटरों में चिकित्सा अधिकारियों के रूप में सेवा देने वालों को हर साल दस प्रतिशत के हिसाब से पीजी एडमिशन में बोनस अंक दिया जाता है। यह अधिकतम तीस प्रतिशत होता है और पूरे अंक के लिए 31 जनवरी के तीन साल की सेवा पूर्ण करने वाले पात्र होते हैं। आरोप है कि तीन साल की सेवा पूरी किए बिना ही इस चिकित्सा अधिकारी को पूरा अंक प्रदान कर दिया गया है। सीजीडीएफ द्वारा इस नियम को हटाने की भी मांग की गई थी, मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।

## निधन

### बालकृष्ण अग्रवाल



**रायपुर।** रायपुर निवासी दूरसंचार विभाग से सेवानिवृत्त इंजीनियर बालकृष्ण अग्रवाल (77) आरंग वाले का 6 फरवरी को निधन हो गया। वे मनीष अग्रवाल एवं गुंजन अग्रवाल के पिता थे।

### उमेश शर्मा



**रायपुर।** मॉडर्न कॉम्प्लेक्स मोतीबाग निवासी उमेश शर्मा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 फरवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मनोज, विकास, राखी, रागिनी, ऋतु, ऋचा के पिता एवं सिद्धार्थ, दिविशा शर्मा के दादाजी थे।

**The Court Of 1 Additional Judge To I Civil Judge Class-1, District Court, Narmadapuram**
**Presiding Officer : श्री शिव चरण पटेल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
[MJC SUC/0000015/2024]

निर्मित अग्रवाल ...... वादी
Vs
शीला अग्रवाल, ...... प्रतिवादी

Process Id- /2025 पेशी दिनांक :- 10/03/2025

**प्रेषिती-**
(1)बालकृष्ण अग्रवाल पिता स्व. सालिगराम अग्रवाल पता निवासी-3, मेन रोड राम कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़

यह कि प्रार्थी निर्मित अग्रवाल ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 06 February 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुहर

**न्यायाधीश**
**(शिवचरण पटेल) प्रथल सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

### शपथ पत्र

मैं, सुरेन्द्र भत्रा, पिता श्री छिनु भत्रा, निवासी-17/884, नहर पारा, हनुमान मंदिर के पास, रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नकथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि -

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मेरी पुत्री भूमि भत्रा (Bhoomi Bhatra), Govt. Primary School Vivekanand Nagar, Raipur C. G. में कक्षा 5 वीं में अध्यनरत है।
3. यह कि मेरी पुत्री के प्रवेश के दस्तावेज (हलफनामा रजिस्टर) में मेरी पुत्री का नाम भूमि भत्रा (Bhumi Bhatra), अंकित हो गया है जो कि नाम भूमि के स्पेलिंग में त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि मेरी पुत्री का नाम भूमि भत्रा (Bhoomi Bhatra ) है जो कि सत्य व सही है जो आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।
5. यह कि मेरी पुत्री के प्रवेश के दस्तावेज ( हलफनामा रजिस्टर) में नाम भूमि भत्रा (Bhoomi Bhatra) अंकित करवाने के संबंध में यह शपथ पत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ ताकि सही स्पेलिंग भूमि भत्रा (Bhoomi Bhatra) दर्ज किया जावे।

**शपथकर्ता**

**-: सत्यापन :-**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में दी गई जानकारी मेरे स्वयं के निजी ज्ञान से सत्य व सही है। अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनाँकः 07.02.2025

**सुरेन्द्र**
**शपथकर्ता**

# बैज बोले- भारतीय नागरिकों को इस तरह भेजना शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी दुर्भाग्यजनक

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, गुरुवार का दिन देश के लिए शर्मनाक दिन रहा, वह इसलिए, क्योंकि अमेरिका में हमारे अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियों और बेड़ियों से जकड़कर अमेरिका सेना के विमान से भारत भेजा गया और इस पूरे घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री चुप हैं।

श्री बैज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक शब्द भी नहीं बोलना सबसे बड़ा दुर्भाग्यजनक है। हमारे प्रवासी भारतीयों ने ऐसा कौन-सा गुनाह किया था, जो उनको हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर अमेरिकी सेना के विमान से यहां लाया गया? आखिर सेना के विमान को यहां उतरने की अनुमति सरकार ने क्यों दी? हमारे देश के विमान से यहां लाते, सम्मान से लाते। कोलंबिया एक उदाहरण है, वहां के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सेना के जहाज को अपने देश में उतरने नहीं दिया, वापस भेजा और ससम्मान खुद के विमान ने अपने नागरिकों को ले आए तथा एयरपोर्ट पर उन्होंने बकायदा स्वागत भी किया। श्री बैज ने कहा, 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री मोदी क्यों चुपचाप हैं। हमारे देश के नागरिकों से अपमानजनक व्यवहार हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।



# बिजली की डिमांड में अभी से गर्मी, खपत पहुंची छह हजार मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। फरवरी में बिजली की खपत छह हजार मेगावाट तक पहुंच गई है। इस समय अपना उत्पादन 22 मेगावाट हो रहा है, क्योंकि मड़वा में 500 मेगावाट का एक संयंत्र वार्षिक रखरखाव के कारण बंद है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही है। इस बार गर्मी में खपत के 65 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है। इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने व्यवस्था करके भी रखी है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। अब तो फरवरी में पारा और चढ़ने लगा है। इस कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेशभर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। साथ ही कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

**फरवरी में पहली बार इतनी खपत :** फरवरी में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती। कृषि पंपों के कारण खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन छह हजार मेगावाट तक नहीं जाती है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत हो रही है। इसके पीछे का कारण यह है कि लगातार एसी और कूलर चल रहे हैं, जिसके कारण खपत में इजाफा हो रहा है।

## अपना उत्पादन 22 सौ मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही ज्यादा बिजली

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। इस समय मड़वा का 500 मेगावाट का एक संयंत्र बंद रहने के कारण अपना उत्पादन 22 सौ मेगावाट के आसपास हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने लिए सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही है। इसी के साथ दूसरे राज्यों से बैंकिंग में भी बिजली ले रहे हैं। कुल मिलाकर खपत की पूर्ति करने का पूरा इंतजाम किया गया है।



### बिजली की कमी नहीं

फरवरी में पहली बार इतनी खपत बढ़ी है, लेकिन बिजली की कमी नहीं है। आपूर्ति के लिए पूरा इंतजाम किया गया है। गर्मी को देखते हुए भी कंपनी पूरी तैयारी में है। कहीं कोई कमी नहीं होगी।

- एसके कटियार
एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी

## खबर संक्षेप

### कांग्रेसियों ने पीएम मोदी और ट्रंप का पुतला फूंका



**रायपुर।** अप्रवासी भारतीयों को अमेरिका द्वारा क्रूरतापूर्वक अपराधियों जैसा सलूक करते हुए हाथ में हथकड़ी, पैरों में बेड़ियां जड़कर विमान से भारत छोड़ने पर कांग्रेस ने ऐतराज जताया है।उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति एवं देश के पीएम का पुतला दहन किया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को अप्रवासी भारतीयों को अमानवीय तरीके से भारत भेजे जाने का विरोध करते हुए नारेबाजी और प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका द्वारा घोर अपमान किए जाने के बावजूद किसी प्रकार का प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की है। छोटे-छोटे देश तक अपने देश के नागरिकों को सम्मानपूर्वक विमान भेजकर स्वदेश वापसी पर स्वागत कर रहे हैं, लेकिन भारत के बनावटी देशप्रेमी प्रधानमंत्री अप्रवासी भारतीयों के साथ हुई क्रूरता, बर्बरता के बावजूद अमेरिका के सामने नतमस्तक हैं। ऐसे कृत्य की हम निंदा करते हैं। कांग्रेसियों ने घटना से उद्वेलित होकर पीएम नरेंद्र मोदी एवं अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का धरसींवा में पुतला दहन किया। इस दौरान जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, भावेश बघेल, राजा, साहिल खान, रितेश श्रीवास, ढालचंद, अनिल बघेल, अनिल लहरी सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगों तथा थर्ड जेंडर समुदाय ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जाबो जागव वोटर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए माना कैंप स्थित शासकीय वृद्धाश्रम से रैली की शुरुआत की गई। संचालक समाज कल्याण रोक्तिमा यादव तथा जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित दृष्टि एवं श्रवण बाधित विशेष विद्यालय, फिजिकल रेफरल सेंटर, राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केंद्र, शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय, मानसिक रूप से अविकसित गृह, बहु दिव्यांग गृह, अस्थि बाधित विशेष विद्यालय के बच्चों के साथ वरिष्ठ नागरिक तथा तृतीय लिंग समुदाय के सदस्य शामिल हुए। शुक्रवार के कार्यक्रम में लगभग 600 दिव्यांग, वृद्धजन एवं थर्ड जेंडर समुदाय के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान आगामी निर्वाचन में मतदान करने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ ली गई। इस कार्यक्रम में उप संचालक समाज कल्याण भूपेन्द्र पाण्डेय, शरद तिवारी, विमलेश उइके, सहायक संचालक ऋचा शर्मा एवं समस्त संस्थागत अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## आवागमन सुगम बनाने के लिए डामरीकरण में जिम्मेदार बरत रहे हैं लापरवाही

# खड़ी गाड़ियों को हटाए बिना डामरीकरण, व्हाइट स्ट्रिप की मार्किंग भी अधूरी, अब वार्डों में दुर्घटना का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में आवागमन को सुगम बनाने के लिए चल रहे डामरीकरण कार्य में एक बार फिर से जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। सड़कों पर लंबे समय से खड़ी गाड़ियों को हटाए बिना ही डामरीकरण का काम किया जा रहा है। कई वार्डों में जहां गाड़ियां खड़ी हैं, वहां डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया। यह स्थिति न केवल सड़क की मजबूती पर असर डाल रही है, बल्कि यह दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकती है, क्योंकि अधूरे डामरीकरण वाली सड़कें असमान और खतरनाक हो सकती हैं। जब हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की, तो पता चला कि शहर की विभिन्न सड़कों को बेहतर बनाने डामरीकरण का काम किया जा रहा है, लेकिन कई वार्डों में अनियमितता सामने आई है। चंगोराभाठा, महिला पुलिस थाना समेत अन्य जगहों पर सड़कों पर गाड़ी खड़ी होने से डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया। वार्ड वासियों ने बताया कि डामरीकरण करने वाली एजेंसी को गाड़ी हटाने की बात कही थी, लेकिन किसी भी तरह का प्रयास नहीं किया गया।

- गाड़ी खड़ी होने के कारण कई स्थानों पर डामरीकरण का काम अधूरा

**केस 1**

### चंगोराभाटा

*खूबचंद बघेल वार्ड के विजय चौक स्थित सड़क में बीते दिनों सड़क डामरीकरण का कार्य किया गया है। यहां भी कई जगहों पर लापरवाही बरती गई है। सड़कों किराने खड़ी गाड़ियों की जगह को छोड़कर डामरीकरण कर दिया गया है। सड़क किनारे व्हाइट स्ट्रिप की सही मार्किंग भी नहीं किया गया है।*


**केस 2**

### महिला थाना रोड

*इस जगह पर पिछले सप्ताह रात के समय में डामरीकरण किया गया है। सड़क किराने खड़ी गाड़ियों को नहीं हटाने से अब कई जगहों पर डामरीकरण का कार्य अधूरा है। इस वजह से सड़क की सतह और भी खड़ी और उबड़-खाबड़ हो चुकी है।*

### व्हाइट स्ट्रिप का काम भी प्रभावित

वार्डों में सड़क किनारे गाड़ियों की पार्किंग के कारण सड़क किनारे व्हाइट स्ट्रिप का काम प्रभावित हो रहा है। डामरीकरण कार्य के बाद सड़क पर व्हाइट स्ट्रिप लगाने की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हो पा रही है, क्योंकि सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां इस कार्य में रुकावट डाल रही हैं। गाड़ियों के खड़ी होने से न केवल सड़क की चौड़ाई कम हो रही है, बल्कि व्हाइट स्ट्रिप की मार्किंग भी सही तरीके से नहीं हो पा रही है, जो यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक है। इसके कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है, खासकर रात के समय जब सड़क पर गाड़ियों की सही दिशा का पता नहीं चलता।





### वार्डों में जगह छोड़कर डामरीकरण

शहर के कई वार्डों में जहां डामरीकरण का कार्य है, लेकिल सड़क पर डामरीकरण के काम को प्रभावित कर रही हैं गाड़ियां को हटाने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। सड़कों किराने कई जगह गाड़ियां लंबे समय से खड़ी हैं, जिनमें से कुछ गाड़ियां खराब हो चुकी हैं और कुछ पार्किंग के रूप में खड़ी हैं। इस समस्या के कारण, जहां एक ओर डामरीकरण का कार्य अधूरा है, वहीं दूसरी ओर सड़क की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। एजेंसी उन जगहों को छोड़कर सड़क को डामरीकरण कर रही है, जहां गाड़ियां खड़ी हुई हैं। इससे ना सिर्फ सड़क की संरचना कमजोर हो रही है, बल्कि इससे यातायात के संचालन में भी दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं।

# हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर ट्रेनों की भीड़ होगी कम, गोंदिया-हिरदामाली रेल खंड की लंबाई हो रही आधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर ट्रेनों की भीड़ कम करने के लिए भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी गोंदिया आरओआर, रेलवे ओवर रेल परियोजना का कार्य जारी है। यह परियोजना राजनांदगांव-नागपुर तीसरी रेल लाइन परियोजना का हिस्सा है। इसका मुख्य उद्देश्य रेलवे संचालन को अधिक सुगम, प्रभावी और बाधारहित बनाना है। नई ब्रॉड गेज रेल लाइन के निर्माण से गोंदिया और हिरदामाली स्टेशनों के बीच ट्रेन परिचालन में आसानी होगी और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इस परियोजना से न केवल यात्रा समय में कमी आएगी, बल्कि हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग पर ट्रेनों की भीड़ में भी कमी आएगी। 230 करोड़ की लागत से निर्मित हो रही इस परियोजना से गोंदिया-हिरदामाली रेल खंड की मौजूदा 16 किमी लंबाई घटकर आधी हो जाएगी। फिलहाल जबलपुर-बल्लारशाह रूट की ट्रेनों को गोंदिया स्टेशन यार्ड से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे हावड़ा-नागपुर मार्ग की ट्रेनों को भी क्रॉसिंग के दौरान रुकना पड़ता है। इससे ट्रेन संचालन में अनावश्यक विलंब होता है।

- गोंदिया आरओआर परियोजना से रेलवे संचालन में होगा सुधार

### ट्रेनों के ट्रैफिक में आएगी कमी

इस परियोजना के पूरा होने से गोंदिया स्टेशन पर ट्रेनों के ट्रैफिक में कमी आएगी और ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। गोंदिया रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों का संचालन अब अधिक कुशल तरीके से होगा। इसके साथ गोंदिया रेलवे यार्ड पर यातायात का दबाव भी घटेगा, जिससे रेलवे परिचालन सुव्यवस्थित और अधिक प्रभावी बनेगा। इस परियोजना के परिणामस्वरूप न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि माल परिवहन में भी गति आएगी। यह परियोजना शीघ्र ही पूरी होने वाली है और इसके बाद रेलवे यातायात को एक नई दिशा मिलेगी।

### कोरबा-तिरुवनंतपुरम-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेंगी

दक्षिण पूर्व रेलवे के सिकंदराबाद रेल मंडल के खम्मम स्टेशन में काजीपेट-विजयवाड़ा सेक्शन के मध्य तीसरी रेलवे लाइन कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। यह कार्य 10 से 20 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। इसके कारण 10, 13 और 17 फरवरी, 2025 को तिरुवनंतपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) से 22648 तिरुवनंतपुरम उत्तर (कोच्चुवेली)-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 12, 15 और 19 फरवरी, 2025 को कोरबा से 22647 कोरबा-तिरुवनंतपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# सालभर में किसानों के खाते में गए 52 हजार करोड़ रुपए, बाजार भी गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने एक साल के भीतर छत्तीसगढ़ के किसानों के खाते में 52 हजार करोड़ रुपए अंतरित कर उन्हें उत्साह से भर दिया है। धान खरीदी समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर किसानों को भुगतान कर दिया गया है।

52 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में आने से वे खेती किसानी में भरपूर निवेश कर रहे हैं और इससे बाजार भी गुलजार हुए हैं, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिख रहा है। ट्रैक्टर आदि की बिक्री ने रिकार्ड आंकड़ा छू लिया है। धान का उचित मूल्य मिलने से किसानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई और इस साल 25 लाख 72 हजार किसानों ने 149 लाख 25 हजार मीट्रिक टन रिकॉर्ड धान बेचा। छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में 25 लाख से अधिक किसानों के धान बेचने से छत्तीसगढ़ में खेती किसानी की सकारात्मक दिशा स्पष्ट है।

**किसानों पर सरकार ने खर्च किए तीन हजार करोड़ से अधिक खर्च :** साय सरकार की 5 एचपी के कृषि पंपों को निःशुल्क विद्युत प्रदाय करने की योजना अंतर्गत 2707 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। इसके साथ ही सोलर पंपों हेतु 200 करोड़ रुपए के सहायक अनुदान दिये गये हैं। कृषि पंपों के ऊर्जीकरण के लिए 200 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 304 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। कृषक समग्र विकास योजना अंतर्गत 94 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। सब्जी लगाने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने शाकम्बरी योजना चलाई जाती है इस पर 9 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है और 7323 किसान लाभान्वित हुए हैं। साय सरकार तेजी से खेती के आधुनिकीकरण के लिए काम कर रही है। ड्रोन दीदियों के माध्यम से खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव ड्रोन के माध्यम से हो रहा है। कृषि यांत्रिकीकरण मिशन अंतर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान दिये जाते हैं। इसका लाभ 3204 किसानों ने उठाया है। इस पर 79 करोड़ रुपए का व्यय आया है।



### एमएसपी से ही मिले साढ़े 34 हजार करोड़

बताया गया है कि एक साल के भीतर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में 34 हजार 500 करोड़ रुपए और कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 12 हजार करोड़ रुपए व्यय किये गये हैं। इसके अलावा सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत करीब 500 करोड़ रुपए की राशि 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों के खाते में अंतरित की है। इसके साथ ही मोदी सरकार की किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 1735 करोड़ रुपए की राशि भी किसानों के खाते में दी गई है।

## पेज 9 के शेष

### मोक्षित के बाद...

वाली सहयोगी कंपनी पर भी कार्रवाई की है। ईओडब्लू ने जनवरी के अंतिम दिनों में छापेमारी के दौरान पंचकूला हरियाणा के रिकार्डर्स एंड मेडिकेयर, धरसींवा के ग्राम तर्रा स्थित शारदा इंडस्ट्रीज में छापेमारी की थी। इन कंपनियों के पास दवा अथवा उपकरण बनाने किसी तरह के संसाधन नहीं थे। इसके साथ ही सीजीएमएससी से शंकरनगर स्थित मेडिग्लोब मेडिकल सिस्टम प्रायवेट लिमिटेड को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है। इस कंपनी के भी मोक्षित के सहयोग के लिए बनाई गई शेल कंपनी होने का जिक्र है। एफआईआर में एक और कंपनी सीबी कार्पोरेशन का जिक्र है, जो दुर्ग में स्थित है इस कंपनी को भी शीघ्र ब्लैक लिस्ट में शामिल किए जाने की संभावना है।

### पान दुकान में...

नगर थाना क्षेत्र में अरिहंत कॉम्पलेक्स में स्थित पान स्टोरी में प्रतिबंधित हुक्का का भंडारण कर बिक्री की जा रहा है। इस सूचना पर एंटी क्राइम एंड साइबर एवं थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से पान दुकान पर छापा मारा। इस दौरान दुकान में 2 व्यक्ति मौजूद थे। पूछताछ में उनमें एक व्यक्ति की पहचान अफसर अली निवासी ग्राम पिल्ठी जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश तथा दूसरे की पहचान अनुराग मंधानी निवासी राजीव नगर खम्हारडीह रायपुर के रूप में की गई। इनमें अनुराग दुकान का मालिक है। टीम ने जब दुकान की तलाशी ली तो वहां प्रतिबंधित हुक्का पॉट, पाइप, नोजल, कोल, विभिन्न प्रकार के फ्लेवर, तम्बाकू तथा हुक्का से संबंधित अन्य सामग्री पाई गई। जब्त सामग्री की कीमत लगभग दो लाख रुपए आंकी गई है।

**दुकान मालिक का पुराना रिकार्ड भी मिला**

पुलिस की पूछताछ में दुकान मालिक अनुराग का पूर्व रिकार्ड भी मिला है। इससे पूर्व अनुराग को गोलबाजार पुलिस ने कोटपा एक्ट के प्रकरण में 2024 में गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से हुक्का सामग्री बरामद की गई थी। इस प्रकरण में उसे जेल भी हो चुकी है। पुलिस ने फिलहाल इस मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 4(क), 21(क) सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापारा तथा वाणिज्य उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 एवं संशोधन अधिनियम 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### उत्तरी हवा के प्रभाव...

धूप के प्रभाव से गर्मी महसूस होने लगी थी। अचानक दिशा में बदलाव हुआ और शुष्क तथा ठंडी हवा का प्रदेश में आगमन हुआ। इससे गुरुवार से गर्मी का प्रभाव कम हुआ। दिन में सामान्य से पांच से छह डिग्री अधिक का तेवर दिखा रही गर्मी नरम होकर अपनी सामान्य स्थिति में आ गई। पिछले चौबीस घंटे में 20 डिग्री पर ठहर गया पारा लुढ़ककर 17 तक आ गया, जिससे रात में ठंड महसूस हुई। सुबह में गर्मी का प्रभाव कम ही रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तरी हवा का असर धीमे-धीमे खत्म करने के लिए पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसके असर अभी गर्मी कम-ज्यादा की स्थिति में रहने की संभावना है। प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड पड़ने की उम्मीद ना के बराबर हो गई है अगर कोई पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाने वाले बादल बरसते हैं तभी मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद है।



## खबर संक्षेप

### चैरिटी के लिए फन रन इवेंट का आयोजन कल

**रायपुर।** छोटे बच्चों के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो दीवास द्वारा फन रन इवेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य चैरिटी है। यह इवेंट का दूसरा वर्ष है, इसमें विगत वर्ष में 4 वर्ष से 14 वर्ष उम्र के बच्चे इसमें भाग ले सकते, परंतु इस साल 4 वर्ष या उस से बड़े सभी लोग इसमें भाग ले सकते हैं। यह एक तरह की रेस इवेंट है, इसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम कोटा स्टेडियम में 9 फरवरी को आयोजित है। इवेंट के चेयरपर्सन शुभम बरड़िया, शिल्पा चोपड़ा, प्रियंका मालू एवं श्वेता बेगानी हैं। इवेंट के स्पांसर रीवरडेल हाईस्कूल एवं आमंत्रण ज्वेलर्स हैं। रायपुर कॉस्मो दीवास अध्यक्ष विनीता सिंघल एवं सचिव कोपल सरावगी ने यह जानकारी दी।

कमाई का 30 फीसदी खर्च करना है स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के उत्थान पर

# प्रदेश की 32 सौ मस्जिदों को ऑडिट कराने का फरमान वक्फ बोर्ड अध्यक्ष बोले- नहीं कराने पर होगा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने अब प्रदेश की 32 सौ मस्जिदों से सालभर की आय का पूरा लेखा-जोखा ऑडिट करा कर देने का फरमान जारी किया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने सभी को साफ शब्दों में चेताया है, जो भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करेगा, उसके खिलाफ नियमानुसार एक्शन लिया जाएगा। इसी के साथ सभी से संपत्तियों की भी जानकारी मांगी गई है। इनको भी सार्वजनिक किया जाएगा।

डा. सलीम राज ने बताया, वक्फ संशोधन विधेयक असल में मुस्लिम भाग्य विधाता बिल है। इसीलिए अब सब कुछ डिजिटल भी किया जा रहा है। इस बिल में हर मस्जिद को सालभर में अपना ऑडिट कराना जरूरी है। इसलिए हमने छत्तीसगढ़ की भी सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों से अपना ऑडिट करा कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। उन्होंने बताया, मस्जिदों की जो भी कमाई होती है, उसमें से 30 फीसदी हिस्सा मुस्लिमों की शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के उत्थान पर खर्च करना है। जो लेखा-जोखा मांगा गया है, उसमें साप्ताहिक कमाई, बैंक खाता नंबर, चेक से भुगतान की जानकारी और कई अन्य जानकारी मांगी गई है। सभी को हर हाल में मार्च तक ऑडिट रिपोर्ट देनी है। जो भी जानकारी नहीं देगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### संपत्ति की भी मांगी जानकारी

छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड के नाम पर जितनी भी प्रॉपर्टी है, सभी की जानकारी भी सार्वजनिक की जाएगी। कहां कितनी संपत्ति है, इसकी जानकारी मांगी गई है। इसे डिजिटल रिकॉर्ड में अपडेट किया जाएगा। संपत्ति की जानकारी छिपाने वालों या कब्जा करने वालों पर बोर्ड कार्रवाई भी करेगा। वक्फ के पास प्रदेशभर में 5000 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी है। वक्फ बोर्ड के पत्र में सभी जिलों के मुतवल्लियों से मस्जिदों, मदरसों, दरगाहों, कब्रिस्तानों, दुकानों, कृषि भूमि, स्कूलों, और प्लॉट्स की जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इन दस्तावेजों को 12 फरवरी तक भेजने को कहा गया है। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा करने के लिए इनकी जानकारी सेंट्रल पोर्टल में अपलोड की जाएगी। डा. सलीम राज ने कहा, किस संपत्ति से कितना किराया आ रहा है, इसकी भी जानकारी मांगी गई है। इस किराए का क्या उपयोग हो रहा है, इसकी भी जानकारी देने कहा गया है। जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, उस संपत्ति को राजसात भी किया जाएगा।

## बिजनेस साइट

### श्री नारायणा हॉस्पिटल में हृदय रोगियों के लिए एंजियोप्लास्टी वर्कशॉप 11 से



**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में 11 और 12 फरवरी को दो दिवसीय जटिल एंजियोप्लास्टी वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्कशॉप का उद्देश्य उन हृदय रोगियों की मदद करना है, जिनकी हार्ट की आर्टिरीज (नसों) में खून का बहाव जारी रखने के लिए स्टेंट नहीं लगाया जा सकता। ऐसे मरीजों के लिए नई तकनीकों का उपयोग कर एंजियोप्लास्टी की जाएगी। कार्यशाला में चेन्नई के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आनंद गननराज और श्री नारायणा हॉस्पिटल के वरिष्ठ इंटरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मनोज गुप्ता द्वारा सोनोग्राफी, ड्रिलिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर जटिल एंजियोप्लास्टी की जाएगी।

### डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज से



**रायपुर।** कमल विहार स्थित डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 8 और 9 फरवरी को एक निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में अनुभवी आयुर्वेदिक चिकित्सकों की टीम बिना किसी शुल्क के परामर्श और स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान करेगी। शिविर में विशेषज्ञों की टीम, जिसमें डॉ. अभिमन्यु साहू, डॉ. अविनाश बैस, डॉ. एम. फैजन खान, डॉ. दामिनी साहू, डॉ. गौरव देवांगन, डॉ. पारूल तिवारी और डॉ. आस्था शामिल हैं, विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जैसे जोड़ों का दर्द, पाइल्स, बांझपन, नसों का दर्द, अस्थमा, स्त्री रोग, लकवा, आंखों और लिवर से संबंधित समस्याएं, गठिया वात, थायराइड, चर्मरोग आदि के लिए परामर्श देंगे।

## ऑटो एक्सपो के आठ दिन बाकी, शानदार लॉन्च और आकर्षक पेशकश से भरपूर



**रायपुर।** ऑटो एक्सपो अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है, लेकिन यहां की रौनक देख ऐसा लग रहा है कि जैसे यह अभी शुरू हुआ हो। अब सिर्फ आठ दिन ही शेष हैं और हर स्टॉल पर भारी भीड़ देखी जा रही है, जो अपनी पसंद की गाड़ी के लिए संभावनाएं तलाशते हुए देर रात तक लगे रहते हैं। शुक्रवार को ऑटो एक्सपो में मारुति सुजुकी की पहली ग्लोबल इलेक्ट्रिक कार 'ई-विटारा' की शानदार लांचिंग हुई। इस मौके पर कंपनी के रीजनल मैनेजर कार्तिक राजा और अन्य विशेष अतिथि मौजूद थे। कंपनी ने इस कार के बारे में बताया कि सिंगल चार्ज पर यह 500 किलोमीटर तक की रेंज दे सकती है। इसके अलावा इसमें कई बेहतरीन फीचर्स जैसे एलईडी हेडलाइट्स, डेटाइम टर्निंग लैम्प्स, वायरलेस चार्जर और पैनोरमिक सनरूफ शामिल हैं।

ऑटो एक्सपो में मतदाता जागरूकता और रोड सेफ्टी के बारे में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी हुआ। इस नाटक का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग और मतदान के लिए जागरूक करना था।

## प्रदेश स्तरीय परमेश्वरी पूजा महोत्सव मनाया

**रायपुर।** रायपुर राज देवांगन कल्याण समाज की ओर से रविवार को इंद्रप्रस्स्थ रायपुरा में प्रदेश स्तरीय परमेश्वरी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंडबाजा एवं आतिशबाजी के साथ धूम-धाम से कलश यात्रा लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ सामूहिक विवाह के लिये आये हुए दूल्हे की बारात साथ में निकाली गई। विधिवत पूजा के बाद समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें छग के साथ अन्य राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी विजय आनंद देवांगन ने बताया, कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में समाज के लोग उपसस्थित हुए।

कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश देवांगन, नंदलाल देवांगन, गिरिश देवांगन, चोवाराम आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दयालूराम देवांगन, अनंद देवांगन, सुरेश देवांगन, राजेश, संतोष, बालकिशन, लता देवांगन, उर्मिला देवांगन, सीता देवांगन सहित महिला मंडल के सभी पदाधिकारी शामिल हुए।

## हरिभूमि-आईएनएच दफ्तर में लगी भीषण आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पचपेड़ी नाका स्थित हरिभूमि काम्पलेक्स में गुरुवार देर रात आग लग गई। फर्स्ट फ्लोर पर आग भड़की। हरिभूमि के सहयोगी चैनल आईएनएच के स्टूडियो, सर्वर और पीसीआर रूम को चपेटे में ले लिया। तत्काल दमकल को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों और हरिभूमि-आईएनएच के सहयोगियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

इस आगजनी से स्टूडियो, पीसीआर रूम, सर्वर रूम में रखे कीमती उपकरण से लेकर फर्नीचर सहित अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। भीषण आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके लिए करीब दर्जनभर अग्निशामक गाड़ियां बुलानी पड़ीं। रात तीन बजे लगी आग सुबह नौ बजे बुझाई जा सकी। एसएसपी रायपुर, लाल उमेद सिंह दलबल के साथ घटना का जायजा लेने हरिभूमि काम्पलेक्स पहुंचे। दमकल के अधिकारी आग बुझाने के लिए डटे रहे।

### रात 3 बजे लगी आग सुबह 9 बजे तक बुझाई गई

बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर में स्टूडियो बना हुआ है। 6 फरवरी की देर रात करीब 3 बजे इसी स्टूडियों में आग लगी। आग इतनी तेजी से फैली कि उससे उठा काला धुआं बिल्डिंग के सभी फ्लोर में फैल गया। धुआं जैसे ही ग्राउंड फ्लोर के प्रिंटिंग मशीन के हॉल में पहुंचा, वहां मौजूद कर्मचारियों ने इसकी जानकारी तुरंत दमकल विभाग और पुलिस को दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गईं। आग इतनी भीषण लगी थी कि आग को बुझाने के लिए दमकल विभाग को दर्जनभर गाड़ियां बुलानी पड़ीं। इन गाड़ियों के माध्यम से रातभर आग बुझाने का काम चलता रहा, जो सुबह 9 बजे खत्म हुआ। इस आगजनी से हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन करोड़ों में लगाया गया है। हालांकि जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिकर आगजनी से वास्तविक नुकसान कितना हुआ है।

### शॉट सर्किट से आग लगने की आशंका

स्टूडियो में जिस तरह से आग लगी, उसे देखकर प्रारंभिक जांच में यही आशंका जताई जा रही है कि आग शॉट सर्किट होने से लगी है। पुलिस आग लगने की सूचना दर्ज कर इसकी जांच कर रही है।

## फिनिक्स सर्कस, सितारे, रोशनी और रोमांच एक साथ



**रायपुर।** मनोरंजन की दुनिया में एक नया अध्याय तब जुड़ गया, जब भव्य फिनिक्स सर्कस का उद्घाटन हुआ। इस विशाल सर्कस कार्निवल शो का शुभारंभ शानदार समारोह के साथ किया गया, जिसमें कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुईं। फिनिक्स सर्कस के उद्घाटन समारोह को एक यादगार अवसर बनाने के लिए इसे विशेष थीम और भव्य मंच सज्जा के साथ प्रस्तुत किया गया। फिनिक्स सर्कस न केवल मनोरंजन का केंद्र है, बल्कि यह कला, साहस और कौशल का अद्भुत संगम भी है। इस सर्कस में विश्वस्तरीय स्टंट, जादूगरी के शो, असाधारण एरियल एक्ट्स देखने को मिलते हैं। हवा में झूलते कलाकारों के खतरनाक स्टंट, हास्य कलाकारों की जबरदस्त कॉमेडी,रहस्यमयी ट्रिक्स को दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस भव्य उद्घाटन समारोह के बाद हजारों दर्शकों ने सर्कस शो का आनंद लिया और हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। सोशल मीडिया पर भी #FinixCircus का ट्रेंड देखने को मिला, जहां लोग इस अद्भुत सर्कस की भव्यता की सराहना कर रहे थे। बुकमायशो पर ऑनलाइन टिकट बुकिंग और काउंटर बुकिंग भी उपलब्ध है।




## कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग पर की चर्चा



**रायपुर।** दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम रबी 2024-25 का आयोजन संयुक्त रूप से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर और कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिक विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 6 एवं 7 फरवरी को समिति आईजीकेवी रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो मुख्यतः पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटरों, कीटनाशक व्यापारी, किसान मित्र एवं प्रगतिशील किसान थे। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त संचालक कृषि गया राम, और उप निदेशक नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों को कीटनाशक अधिनियम और नियम के बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके अलावा कीटनाशकों के सुरक्षित और उचित उपयोग के बारे में चर्चा की गई। आईपीएम पद्धति को अपनाने के बारे चर्चा की गई। एनपीएसएस के प्रयोग एंव उसके विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में डॉ. रीता सिंगारे, कन्हैया लाल मीना, वैज्ञानिक सहायक, डॉ. प्रेमशंकर तिवारी, ममता पाटिल मोनिका ठाकुर, भूमिका यादव समेत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने भाग लिया।






हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 8 फरवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

## छत्तीसगढ़ी गानों की रही धूम

लाइव बैंड कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी गानों का जबरदस्त उत्सव देखने को मिला। आमा-पान के पतरी करेला पान के दोना ओ,..आहू दोना पान.., छुनुर छुनुर पैरी बाजे रे गोरी.., जैसे लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गानों पर विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी गानों पर एक साथ मिलकर जोरदार प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल जोश और उल्लास से भर गया। विद्यार्थियों ने ग्रुप बनाकर सीजी सॉन्ग का मजा लिया और कई छात्र गाने गुनगुनाते नजर आए। कुल 6 बैंड ग्रुप ने हिस्सा लिया और 10 से अधिक छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया।



## एजुकेशन अपडेट

### इग्नू में नए प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 15 फरवरी तक

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

रायपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जनवरी, 2025 सत्र के लिए ओडीएल/ऑनलाईन मोड में नए प्रवेश और पुनःपंजीकरण की तिथि 15 फरवरी 2025 तक बढ़ायी गई।इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) डॉ. बिजय कुमार साहू ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए जनवरी 2025 सत्र में ओडीएल / ऑनलाइन मोड में नए प्रवेश में नामांकन एवं पुनः पंजीकरण की तिथि पुनः 31 जनवरी, 2025 से बढ़ाकर 15 फरवरी 2025 तक कर दी गई है। नामांकन के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर व पी.जी. डिप्लोमा एवं छह माह के सर्टिफिकेट कार्यक्रम भी उपलब्ध है, जिसके लिए निर्देशन वेबसाईट पर उपलब्ध है।

#### इन वर्गों के लिए निशुल्क नामांकन का प्रावधान

इससे पूर्व पंजीयन की तिथि 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित था। आवेदन करने वाले उम्मीदवार चाहे तो इग्नू के आधिकारिक वेबसाईट **www.ignou.ac.in** पर जाकर कॉमन प्रोस्पेक्टस डाउनलोड कर दिशा निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी क्षेत्रीय केन्द्र, रायपुर में स्वयं उपस्थित होककर इग्नू के हेल्प डेस्क पर कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए बी.ए., बी.कॉम, व बी.एस.सी. (सभी सामान्य) में निःशुल्क नामांकन का प्रावधान है।

इच्छुक शिक्षार्थी अध्ययन केन्द्रों में उपलब्धता के आधार पर विषय का चुनाव कर सकते हैं। प्रवेश ऑनलाईन लिंकः https://ignouadmission.samarth.edu.in/ री-रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन लिंकः https://onlinerr.ignou.ac.in/ है।





एनआईटी में आयोजित वार्षिकोत्सव 'इक्लेक्टिका' में आर्टिस्ट नाइट और बैंड ग्रुप की प्रस्तुति

# स्टूडेंट्स ने म्यूजिक और आर्ट में दिखाया टैलेंट, लक्ष्य के रोमांटिक सॉन्ग पर जमकर झूमे

एनआईटी परिसर में वार्षिक महोत्सव 'इक्लेक्टिका' का शानदार आगाज हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने न केवल पढ़ाई में, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी भागीदारी दर्ज की। इस तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन संस्कृति द कल्चरल कमेटी द्वारा किया गया, जिसमें पहले दिन पेंटिंग-फोटो प्रदर्शनी, आर्टिस्ट नाइट और ब्रैंड ग्रुप की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रायपुर। सिंगर लक्ष्य कपूर के म्यूजिक कॉनसर्ट ने विद्यार्थियों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। लक्ष्य कपूर ने बॉलीवुड गानों से कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें 'मैं प्रेम दा प्याला पी आया' जैसे गाने ने माहौल को रोमांटिक बना दिया। साथ ही, सिंगर अंशिका पांडे ने वैलेंटाइन वीक के अवसर पर प्रेमी जोड़ो के लिए दिल छूने वाले गाने गाए, जैसे 'मैं इश्क लिखूं तो हो जाये' और 'सोचा है क्या तुने कभी'।




कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान डॉ. एबी सोनी, रजिस्ट्रार डॉ. पीवाई ढेकणे, डॉ. लता एसबी उपाध्या, और डॉ. समीर बाजपेयी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने महोत्सव की सफलता की कामना की। इस सांस्कृतिक उत्सव ने विद्यार्थियों को न केवल मनोरंजन का मौका दिया, बल्कि उनके रचनात्मक पहलुओं को भी प्रदर्शित किया।



### प्रदर्शनी से कलाप्रेमी हुए मंत्रमुग्ध

इक्लेक्टिका में पहले दिन की गतिविधियों ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। विशेष रूप से स्केचिंग, मिनिएचर पेंटिंग, कोलाज मेकिंग और हैंड पेंटिंग की प्रदर्शनी ने कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न थीम पर आधारित इन कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों का दिल जीता। मेगा इवेंट्स में 'आविर्भाव', 'कलोप्सिया', 'तफरी', रंगोली प्रतियोगिता, 'गॉट अ गेस', म्यूजिकल चेयर्स, डिज्नी पजल, और पिक्सेल लेन जैसे प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों का उत्साह और हुनर दिखाया। पहले दिन की ये गतिविधियां न केवल छात्रों की प्रतिभा को सामने लाई, बल्कि उत्सव में एक जीवंतता भी भर दी।

### प्रदर्शनी में दर्शकों को दिखी जिंदगी की विविधता

जीवंत तस्वीरों की प्रदर्शनी ने सबका ध्यान आकर्षित किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों प्रियांशु बिसेन और हर्षित झरिया द्वारा खींची गई तस्वीरें खास आकर्षण का केंद्र बनीं। इन तस्वीरों में जीवन की अलग-अलग पहलुओं को दर्शाया गया था। एक तस्वीर में एक निर्धन बच्चा तस्वीरों को देखकर कुछ सीखने की कोशिश करता है, जबकि दूसरी तस्वीर में एक व्यक्ति दिनभर की थकान के बाद ट्रेन में अपने घर लौटते हुए दिख रहा है। प्रदर्शनी में कुल 50 से अधिक तस्वीरें प्रदर्शित की गईं, जिनमें पुरानी हवेली, नेचर, दिनचर्या, और मैसेज-बेस्ड थीम शामिल थीं। स्टूडेंट्स ने बताया कि ये तस्वीरें एनआईटी के स्टूडेंट्स द्वारा खींची गई हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं को कैमरे में कैद करना था।

### कार्टून कैरेक्टर और प्राकृतिक चित्रों से सजी पेंटिंग

पेंटिंग प्रतियोगिता में कार्टून, एनीमे कैरेक्टर और प्राकृतिक थीम पर शानदार चित्र तैयार किए, जिन्हें देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस प्रतियोगिता में 30 से अधिक पेंटिंग प्रदर्शित की गईं, जिनमें पेंसिल से बनाई गई चित्रकारी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। चित्रकारों ने अपनी कला के पीछे की सोच और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। यह प्रतियोगिता वार्षिकोत्सव की तैयारी का हिस्सा थी, जो पिछले 1-2 महीनों से चल रही थी। एंट्री गेट से लेकर प्रदर्शनी स्थल तक दर्शकों के आकर्षण के लिए विशेष सजावट की गई थी, जिसमें लैंप, कार और प्रिंसेस का महल जैसे आकर्षक दृश्य तैयार किए गए थे। ये सभी संरचनाएं कागज और बोर्ड की मदद से बनाई गई थीं, और परिसर में रखी गई थीं, ताकि दर्शक उन्हें देख सकें और कला का लुफ्त उठा सकें।

## सिटी इवेंट

### सीजीपीएससी प्री-एग्जाम में लास्ट मिनट रीडिंग नहीं, रिवीजन पर ध्यान दें



रायपुर। सीजीपीएससी प्री-एग्जाम पैटर्न समझने और पास करने की चुनौती है। एक दिन में होने वाले दो प्रश्नपत्र, पहला जीएस और दूसरा पेपर एप्टीट्यूड टेस्ट का होता है। सिलेबस बड़ा होने से ज्यादा फोकस युवाओं को किस विषय पर करना है, किस विषय का वेटेज कितना है। स्वयं ऐसा क्या पढ़ते थे, जिससे उन्होंने हर बार प्रीलिम्स बहुत अच्छे नंबर से क्वालीफाई किया। इसके बाद पॉलिटी, हिस्ट्री, करेंट अफेयर को रिवीजन करने की ट्रिक भी मुख्य वक्ता शैलेन्द्र कुमार बांधे ने दी। प्री-एग्जाम में क्वालीफाई के लिए कटऑफ अधिक या कम होता है, इसीलिए यह जरूरी है कि उसे परखें और पेपर के लेवल के हिसाब से प्रश्नों को अटेम्प्ट करें। सिविल लाइंस में संचालित युवा संस्था के सेमीनार में बतौर विशिष्ट अतिथि शंकर झा मौजूद रहे।

#### 33% अंक से पेपर क्वालीफाई करें

प्रथम प्रश्नपत्र जीएस के बाद प्रीलिम्स के दूसरे पेपर एप्टीट्यूड टेस्ट के बारे में बताया कि यह पेपर सिर्फ क्वालिफाईंग नेचर का होता है। छात्रों को सफल होने के लिए सही रणनीति के बारे में भी जानना चाहिए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी, गणित और रीजनिंग के प्रश्नों को कितना व कैसे बनाएं, जिससे कि आसानी से 33% अंक प्राप्त करके पेपर को क्वालीफाई किया जा सके। श्री बांधे ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि नियमित अध्ययन, उत्तर लेखन अभ्यास, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण भी परीक्षा की तैयारी के लिए जरूरी होते हैं।



#### एग्जाम हॉल में खुद को सामान्य रखें

*मुख्य वक्ता ने प्रश्नों को किस सीक्वेंस में सॉल्व करें, कितने प्रश्नों में रिस्क ले सकते हैं। नेगेटिव मार्किंग से कैसे बचें और कटऑफ तक कैसे पहुंचें। पेपर में दिए ट्रिकी और समय बर्बाद करने वाले प्रश्नों से कैसे बचें, जैसे कई मुद्दों पर छात्रों को सुझाव दिए। साथ ही परीक्षा में अत्यधिक उपयोगी आर्ट ऑफ स्कीपिंग के माध्यम से पेपर को समय पर पूरा करने का तरीका भी बताया। इसके बाद सभी परीक्षाओं में हर किसी के लिए उपयोगी टिप्स दिए। एग्जाम हॉल में किस तरह से खुद को सामान्य रखकर आराम से पेपर सॉल्व करें, इस बारे में भी जानकारी दी।*

### वित्तीय धोखाधड़ी में कमी लाने में एआई और डिजिटल तकनीक मददगार



रायपुर। एमिटी बिजनेस स्कूल, एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ ने भारतीय स्टेट बैंक और यूनिसेफ के सहयोग से डिजिटलीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में वित्त और बैंकिंग में नवाचार और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र में डिजिटल बदलाव और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव से उत्पन्न चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना था। उद्घाटन सत्र में कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सीए करन गुप्ता, प्रबंध साझेदार, करन गुप्ता एंड कंपनी ने अपने उद्घाटन भाषण में वित्तीय क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि अशोक पाराशर ने बैंकिंग क्षेत्र में डेटा की महत्ता और इसके अनदेखे पहलुओं पर विचार साझा किए। प्रो. डॉ. एसके बराल, डीन, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय ने इस क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा पर अपने विचार व्यक्त किए।



#### डेटा का उपयोग कैसे करते हैं, ये महत्वपूर्ण

सम्मेलन में कुलपति प्रो. डॉ. पीयूषकांत पांडे ने वित्तीय धोखाधड़ी, डेटा क्रांति और एआई के भविष्य में प्रभावों पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एआई और डिजिटल क्रांति का सही उपयोग वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने में मदद कर सकता है और यह एक वरदान या अभिशाप हो सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम डेटा का उपयोग कैसे करते हैं। प्रो. डॉ. सौरभ चतुर्वेदी, प्रो-वाइस चांसलर, और प्रो. डॉ. सुमिता डेव, डिप्टी प्रो-वाइस चांसलर ने सम्मेलन के विषय की प्रासंगिकता और इसके समयानुकूल होने पर जोर दिया।

### अग्रसेन महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव 'उमंग' आज से

रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव 'उमंग' की शुरुआत 8 फरवरी से हो रही है। इस साल भी यह उत्सव खेल प्रतियोगिता से शुरू होगा, जो छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल ने बताया कि यह उत्सव हर साल एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है, जिससे छात्रों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए यह उत्सव विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह उनके कॉलेज जीवन का समापन होता है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि 8 फरवरी को स्पोर्ट्स प्रतियोगिता होगी, जिसके बाद 9 फरवरी को एलुमिनी मीट और आनंद मेला आयोजित किए जाएंगे। 10 फरवरी को फैशन शो, 12 फरवरी को अंताक्षरी, 13 फरवरी को वार्षिकोत्सव, 16 फरवरी को अंतर्विद्यालयीन प्रतियोगिताएं और 20 फरवरी को पुरस्कार वितरण समारोह होगा।

#### अभिभावक अपने अनुभव साझा करेंगे

हर साल इस उत्सव के दौरान एलुमिनी मीट का आयोजन भी किया जाता है, जहां महाविद्यालय के पूर्व छात्र अपनी कॉलेज की यादों को ताजा करते हुए नए छात्रों से संवाद करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने कहा कि 'उमंग' उत्सव में आयोजित पीटीएम (पेरेंट्स-टीचर्स मीट) के माध्यम से अभिभावक अपने अनुभव साझा कर सकते हैं, जो छात्रों के विकास में सहायक साबित होगा।

## कार्नर न्यूज

### रोज डे पर दुकानों में दिखी भीड़, गुलाब के फूलों की रही जबरदस्त मांग

# युवाओं ने गुलाब से दोस्ती में बढ़ाया प्यार, खुशबूदार फूलों की बढ़ी मांग



रायपुर। वैलेंटाइन वीक के पहले दिन यानी रोज डे पर शहर में गुलाब के फूलों की भारी मांग देखी गई। कॉलेज स्टूडेंट्स और कपल्स ने अपने दोस्तों और प्रियजनों को गुलाब देकर इस दिन को खास बनाया। सुबह से फूलों की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। प्रदेश के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी देशी और विदेशी फूलों से बाजार गुलजार रहा।

युवाओं ने दिनभर बड़ी संख्या में गुलाब और अन्य प्रकार के फूल खरीदे। खासकर रोज डे पर 5 अलग-अलग रंगों के गुलाब ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और इन रंगों की खास मांग रही। गुलाब के अलावा विभिन्न रंगों और किस्मों के गुलदस्तों की भी बिक्री जबरदस्त रही। फूल चौक पर दिनभर में हजारों गुलाब बिके और ग्राहकों ने गुलाब के साथ-साथ बना-बनाया गुलदस्ता भी खरीदा। बाजार में इस दिन की वजह से फूलों के व्यापारियों को अच्छे मुनाफे की उम्मीद जताई है और युवाओं ने इसे एक अनमोल अनुभव बना लिया है। सभी उम्र के लोग इस दिन को खास बनाने के लिए गुलाब के फूलों की खरीदारी में जुटे हुए थे। गुलाब के फूल 50 रुपए से लेकर 150 रुपए तक बिके, जबकि लाल गुलाब से बने गुलदस्तों की कीमत 500 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक पहुंच गई।



#### ट्रेंड में रहा चॉकलेट के साथ बुके

*गुलाब के फूलों की डिमांड में न केवल सिंगल फूल या कलियों की बढ़ोतरी हुई, बल्कि गुलाब के बुके और कस्टमाइज्ड बंच की भी काफी मांग देखी गई। टिकरापारा स्थित फ्लॉवर शॉप के संचालक ने बताया कि गुलाब के बुके और कस्टमाइज्ड बंच की कीमत 500 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक है। गुलाब के बुके में बड्स यानी कलियां शामिल हैं और साथ ही युवाओं के बीच एक नया ट्रेंड सामने आया है, जिसमें गुलाब के बुके के साथ चॉकलेट भी जोड़ी जाती है। यह ट्रेंड खासकर कॉलेज स्टूडेंट्स और कपल्स में बहुत पॉपुलर हो रहा है।*

#### फूलों की कीमत में 3-4 गुना वृद्धि

रोज डे के अवसर पर गुलाब के फूलों की कीमत में जबरदस्त वृद्धि देखने को मिली। जयस्तंभ चौक स्थित फूल दुकान के संचालक सोनू ने बताया कि इस बार गुलाब के फूलों की कीमतों में 3 से 4 गुना तक इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि सुबह से ही कॉलेज स्टूडेंट्स और अन्य कस्टमर्स गुलाब के बड्स खरीदने के लिए दुकान पर आ रहे हैं। रात को ही 150 से 200 गुलाब की कलियों की पैकिंग कर ली थी और सुबह से ही करीब 200 से ज्यादा कलियां बिक चुकी हैं। खासतौर पर हाइब्रिड गुलाब 150 रुपए तक बिक रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास बेंगलुरु और कोलकाता से लाए गए हाइब्रिड गुलाब भी उपलब्ध हैं, जिनकी पत्तियां लोकल गुलाब के मुकाबले बड़ी और ज्यादा ताजगी वाली होती हैं।



## धर्म लाइव

# लीनेस क्लब ने भूखों को भोजन कराने चलाया अभियान, की सेवा



**रायपुर।** लीनेस क्लब द्वारा भोजन वितरण अभियान चलाया गया।भूखों के लिए भोजन कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों को भोजन कराने का दो दिवसीय अभियान बसंत पंचमी से लेकर दो दिनों तक चलाया। क्लब की सदस्याओं ने बताया कि समय-समय पर क्लब की विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्य क्लब द्वारा किये जाते है। जिसमें कपड़ों व कंबल का वितरण, राशन का सामान सहित दैनिक उपयोगी सामाग्री वितरित की जाती है, साथ ही बेसहारा लोगों के लिए निशुल्क आंख जांच कर चश्मे का वितरण और स्वास्थ शिविर भी लगाये जाता है।

### 250 से ज्यादा जरूरतमंद लोग हुए लाभान्वित

इसी कड़ी में इस बार क्लब द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही बांबे आवास नेहरू नगर में सदस्यों ने जाकर खिचड़ी का वितरण किया। जिससे यहां 250 से ज्यादा जरूरतमंद लोग लाभान्वित हुए। आयोजन में लीनेस क्लब की अध्यक्ष रीटा कुखरानिया, सचिव माला पोपली और कोषाध्यक्ष राजश्री जैन सहित सभी सदस्य, डिस्ट्रिक्ट एवं डिस्ट्रिक्ट संपादक एवं एरिया ऑफिसर उपस्थित थे।

## समाज लाइव

# मंदिर ट्रस्ट की पहल, 40 श्रद्धालु महाकुंभ में आज लगाएंगे डुबकी



फाइल फोटो

**रायपुर।** जैसे-जैसे महाकुंभ स्नान का पावन अवसर अंतिम चरण की ओर अग्रसर हो रहा है। वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की भीड़ अलग-अलग क्षेत्रों से आस्था की डुबकी लगाने के लिए रवाना हो रही है। शहर के महाकाली मंदिर ट्रस्ट ने 40 श्रद्धालुओं को निशुल्क स्नान कराने की जिम्मेदारी निभाते हुए एक बस से शुक्रवार की सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना करने के बाद रवाना किया। ट्रस्ट के सचिव डीके दुबे ने बताया कि शनिवार को जया एकादशी है। इस पावन अवसर पर लोगों को पुण्य स्नान कराने की जिम्मेदारी इस बार मंदिर ट्रस्ट निभा रहा है। स्नान करने के लिए बस से रवाना हुए श्रद्धालुओं को रहने और खाने की सुविधा दी जाएगी।

### महाकुंभ का वैभव देख लौटे श्रद्धालु

महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद डा. अभया जोगलेकर ने अपने साथियों के साथ पांच दिनों में महाकुंभ (प्रयागराज), काशी, अयोध्या समेत 2400 किमी की सड़क मार्ग से धार्मिक यात्रा की। इस धार्मिक यात्रा का पहला पड़ाव मैहर और मुख्य पड़ाव प्रयागराज में महाकुंभ रहा। इस दौरान उन्होंने अपनी इस अभूतपूर्व यात्रा को डायरी के पन्नों पर संजोया। उन्होंने बताया कि पांच लोगों की टीम ने महाकुंभ का वैभव देखा। कई अखाड़े का अवलोकन करने के साथ ही उनसे जुड़ी बातों को जाना। शिक्षाविद् अपनी टीम के साथ शुक्रवार को सुबह 10 बजे रायपुर पहुंचने के बाद यादें साझा कीं।

## आराधना

# आचार्यश्री विद्यासागर के प्रथम स्मृति दिवस पर किया याद



रायपुर। जैन समाज की महिलाओं ने ढोलक-मंजीरे की थाप पर भजनों का गायन कर आचार्यश्री विद्यासागर का प्रथम स्मृति दिवस मनाया। गुरुवार को डीडीनगर स्थित 1008 श्री वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में समाजजनों ने भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान शिरोमणि जगत पूज्य ब्रह्मलीन दिगंबर धर्माचार्य आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की पहली समाधि का स्मृति दिवस मनाया। समाजजनों ने जैन मंदिर में अष्ट द्रव्यों के साथ विशेष अर्घ्य अर्पित करते हुए विशेष आचार्यश्री विद्यासागर पूजा की। इस दौरान शाम को गोल चौक पर दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक प्रार्थना और आरती की। इस दौरान उन्होंने आचार्यश्री का जयकारा लगाते और नृत्य करते हुए भगवान को याद किया। साथ ही मंदिर परिसर में सुबह से रात तक कई भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन किया।

### एक पाती गुरुवर के नाम, विजेता पुरस्कृत

इस अवसर पर मंदिर परिसर में एक पाती गुरुवर के नाम प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। इसमें संयुक्त रूप में डॉ. मंजुला जैन और महेंद्र कुमार जैन प्रथम स्थान, दूसरे स्थान के लिए प्रिया जैन पुरस्कृत हुईं। इस दौरान आदिश्वर महिला मंडल और श्री वासु पूज्य सेवा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वर्षा जैन, श्रद्धा जैन, अंजलि जैन, मंजुला जैन, अनीता जैन, नरेश जैन, राजेश जैन, बाहुबली जैन, आशीष जैन, नीलेश जैन, शशांक जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

● शहर में 26 को धूमधाम से मनाई जाएगी महाशिवरात्रि, मंदिरों में 25 फरवरी की शाम से मनेगा उत्सव

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में लगेगा मेला, भजन संध्या में सजेंगी झांकियां, अभिषेक के लिए बन रहा दुर्लभ संयोग

'शिव भक्तों के लिए इस बार की महाशिवरात्रि कई कारणों से खास होने वाली है। जहां दिनभर पूजा-अर्चना के साथ अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं को कई दुर्लभ संयोग मिलने वाले हैं। वहीं मंदिर की देखभाव व प्रबंधन से जुड़े जिम्मेदारों ने भी इसे उत्सव का रूप देने के लिए तैयारी शुरू की है। ज्यादातर शिवालयों में इस बार 25 फरवरी की शाम से ही श्रृंगार आरती, भजन संध्या के साथ ही लोगों को शुभ मुहूर्त में अभिषेक करने का पुण्य लाभ देने के लिए अरघा भी सजाने की तैयारी है, ताकि लोगों को भीड़ का हिस्सा बनने से बचाया जा सके।'

**रायपुर।** शहर के प्रमुख शिवालयों में इस बार महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या से ही आयोजनों का आगाज होने वाला है। धरमपुरा में जहां एक दिन पहले ही राम धुन संकीर्तन के साथ भजन संध्या की तैयारी है। वहीं सरोना स्थित शिव मंदिर में भी भक्तों का मेला लगने वाला है। वहां लोगों को अभिषेक की सुविधा लेने के लिए पहले ही जानकारी देनी होगी। वहीं भाठागांव बस स्टैंड के पास स्थित नीलकंठेश्वर महादेव का महाशिवरात्रि पर आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। यहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भोलेनाथ अलग ही रूप में दर्शन लाभ देंगे। वहीं टोलाघाट स्थित महादेव के धाम में भक्ति की अविरल धारा बहने वाली है। इस मंदिर में भी लोग दूर-दराज से दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए व्यवस्था बनाने के लिए जिम्मेदारी का भी विभाजन किया है।







### पूजा-अभिषेक कराने मौजूद रहेंगे पंडित

रावांभाठा बंजारी मंदिर परिसर में स्थित बंजारेश्वर महादेव में इस बार महाशिवरात्रि पर 25 की शाम से ही उत्सव की श्रृंखला सजने वाली है। इसके चलते महाशिवरात्रि के दिन मेले जैसा माहौल बनता है। दर्शन के लिए आने श्रद्धांलुओं की होने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिर के प्रमुख हरीश भाई जोशी ने व्यवस्था बनाने के लिए वॉलेंटियर्स को जिम्मेदारी देने की तैयारी है, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धांलुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पूजा-अर्चना व अभिषेक के लिए पंडित मौजूद रहेंगे।



### इस बार लोगों को मिलेगा दुर्लभ संयोग

सुख, समृद्धि के लिए महाशिवरात्रि के दिन शिव आराधना, पूजा और अभिषेक करना बहुत खास माना गया है। कहते हैं शिव सच्चे भक्तों पर बहुत जल्द प्रसन्न हो जाते हैं। उनकी सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि इस साल महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है। यह दिन किसी त्योहार से कम नहीं होता है। इस साल तो महाशिवरात्रि पर कई दुर्लभ संयोग बन रहे है जिसका लाभ कुछ विशेष राशियों को मिलेगा। इस महाशिवरात्रि पर श्रवण नक्षत्र का संयोग बन रहा है। श्रवण नक्षत्र इस दिन सुबह से लेकर शाम 5:08 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दिन बुध, शनि और सूर्य तीनों कुंभ राशि में विराजमान होंगे। ऐसे में बुधादित्य योग, त्रिग्रही योग का निर्माण हो रहा है. जो कई राशियों के लिए शुभ साबित होगा।

### देवी-देवताओं की सजाई जाएगी झांकी

धरमपुरा बाजार चौक स्थित शिव मंदिर में इस महाशिवरात्रि पर 48 घंटे तक उत्सव मनाने की तैयारी है।ग्राम पंचायत के मार्ग-दर्शन में होने वाले इस आयोजन में महाशिवरात्रि से एक दिन पहले यानी 25 की शाम 4 बजे से ही राम धुन, भजन संध्या का आगाज होगा। जो 27 फरवरी की शाम 4 बजे तक चलेगा। इस मंदिर के पास भव्य मेला का आयोजन परंपरागत रूप से किया जाएगा। दानेश साहू ने बताया कि इस बार शिव परिवार और आराध्य देवी-देवताओं की झांकी सजाई जाएगी। जो आकर्षण का केन्द्र बनती है।

### धूमधाम से निकलेगी महादेव की बारात

महादेव घाट स्थित श्री हाटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में 25 की शाम को ही अर्ध्य नारेश्वर स्वरुप में श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती की जाएगी। इसके बाद 26 को ब्रह्म मुहूर्त में श्रृंगार आरती के बाद दोपहर एक बजे धूमधाम से शिव की बारात निकलेगी। जो सत्यम विहार कॉलोनी रायपुरा जाएगी। जहां माता पार्वती और शिव का विवाह होगा। शाम को 6 बजे माता-पार्वती के साथ शिवजी बारात के साथ वापस लौटेंगे। महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि अभिषेक की सुविधा देने के लिए अरघा लगाया जाएगा।

अब संन्यास प्रवर वीरभद्र मुनिजी गणि के पद से पहचाने जाएंगे

# भूमिपूजन महामहोत्सव का भव्य समापन नूतन साधु-साध्वियों को दी गई बड़ी दीक्षा

**रायपुर।** कचना स्थित आनंदम वर्ल्ड सिटी में शुक्रवार को तीन दिवसीय भूमिपूजन महामहोत्सव का भव्य समापन हुआ। इस आयोजन में रायपुर, बालाघाट, पटना और अन्य शहरों के श्रावक-श्राविकाएं श्री मुनिसुव्रत जिनालय दादावाड़ी के भूमिपूजन स्थल पर एकत्रित हुए। इस महापूजन के दौरान विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ, जो न केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक थे, बल्कि एक गहरी आध्यात्मिक भावना को भी जाग्रत करने का कार्य कर रहे थे। तीन दिवसीय इस महामहोत्सव में कई महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। पहले दिन ही पूज्य गुरु भगवंतों का ऐतिहासिक प्रवेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दिन श्रावकगण ने श्रद्धा भाव से गुरु के स्वागत में भाग लिया और उनके आशीर्वाद प्राप्त किए। इसके बाद स्नात्र पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने शुद्धिकरण और आत्मिक शांति के लिए विशेष पूजा की। सबसे अहम था 1008 पुण्यवंतों द्वारा जिनालय दादावाड़ी का भूमिपूजन एवं भूमिग्रहण अनुष्ठान, जो एक ऐतिहासिक अवसर था। इस पूजा के दौरान सभी उपस्थित भक्तगण समर्पण और भक्ति भाव से जुड़े रहे।



### मन की स्थिति शुद्ध और एकाग्र





साधु-साध्वियों का जीवन पूरी तरह से अनुशासन और साधना से जुड़ा होता है। वे विशेष रूप से रात के ब्रह्म मुहूर्त में जोग क्रियाएं करते हैं, जो उनके आध्यात्मिक और बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। यह समय विशेष रूप से ध्यान और साधना के लिए सर्वोत्तम माना जाता है, क्योंकि इस समय में वातावरण और मन की स्थिति सबसे शुद्ध और एकाग्र होती है। इस महामहोत्सव के समापन ने सभी श्रद्धालुओं को एक नई दिशा और आध्यात्मिक उन्नति की ओर प्रेरित किया। इस आयोजन ने सिद्ध किया कि आस्था, समर्पण और साधना के माध्यम से जीवन में महान बदलाव संभव है।

### बड़ी दीक्षा के बाद अब पढ़ेंगे ग्रंथ

महामहोत्सव में सिद्धचक्र महापूजन भी हुआ, इसके साथ ही सांझी संगीत और भजन संध्या का आयोजन भी हुआ, जिसमें भक्ति संगीत से वातावरण को दिव्य बनाया गया। इस आयोजन के अंतिम दिन शुक्रवार को जब दीर्घ तपस्वी विरागमुनि जी को गणि पद दिया गया। अब वे संन्यास प्रवर वीरभद्रमुनि जी गणि के नाम से पहचाने जाएंगे। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर था, क्योंकि इस दिन के बाद वे एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं। साथ ही पूज्यगणों की पावन निश्रा में परम पूज्य सोमभद्र मुनि, परम पूज्य सुहस्ति भद्र मुनि और परम पूज्य साध्वी अरिष्ट लब्धि श्रीजी की बड़ी दीक्षा हुई। दीक्षा के इस पवित्र अवसर पर साधु-साध्वियों ने अपने जीवन में अनुशासन और साधना को और अधिक गहराई से अपनाने का संकल्प लिया। दीक्षा के बाद भी इन साधु-साध्वियों को निरंतर अभ्यास और साधना की आवश्यकता होती है। समय के साथ उनकी योग्यताएं बढ़ती जाती हैं, और वे अधिक आत्मिक और बौद्धिक रूप से विकसित होते जाते हैं। बड़ी दीक्षा के बाद अब वे ग्रंथों को पढ़ेंगे।



# 18 वर्ष बाद एमपी और छग ने हासिल किया तीसरा स्थान

### मुख्यालय में एनसीसी कैडेट्स का हुआ भव्य स्वागत

**रायपुर।** मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय ने अखिल भारतीय गणतंत्र दिवस कैंप, नई दिल्ली में तीसरा स्थान प्राप्त कर 18 वर्षों बाद एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता रायपुर ग्रुप के कर्नल अश्वनी सिन्हा के नेतृत्व में प्राप्त हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ के 24 कैडेट्स ने विशेष योगदान दिया। इन 138 कैडेट्स में स्कूलों के जूनियर एवं कॉलेजों के सीनियर कैडेट्स शामिल थे, जिन्होंने कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया और राष्ट्रीय राजधानी में हुए गणतंत्र दिवस समारोह में शानदार प्रदर्शन किया। यह अनुभव उनके जीवन का एक अविस्मरणीय हिस्सा बनेगा। कैडेट्स को भोपाल में राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं सेना के कोर कमांडर द्वारा सम्मानित किया गया।

### गर्मजोशी से किया स्वागत

एनसीसी कैडेट्स की ऐतिहासिक सफलता के बाद उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बैंड बाजे और संगीत के साथ आयोजित इस समारोह ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। 138 कैडेट्स का यह दल गणतंत्र दिवस कैंप, नई दिल्ली में तीसरे स्थान पर रहा और इसमें छत्तीसगढ़ के 24 कैडेट्स का महत्वपूर्ण योगदान था। एनसीसी ग्रुप रायपुर के जनसंपर्क अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप नायर ने बताया कि कार्यक्रम में ऑफिसिएटिंग ग्रुप कमांडर कर्नल हेमंत झा और रायपुर स्थित एनसीसी इकाइयों के कमांडिंग ऑफिसर्स उपस्थित रहे। उन्होंने कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उनके समर्पण और मेहनत को सम्मानित किया। इस अवसर पर कैडेट्स के लिए विशेष भोज का आयोजन भी किया गया।

## कार्नर न्यूज

पढ़ाई, जॉब के साथ मनचाहे काम के लिए समय निकाल रहे युवा

# कला केन्द्र में एग्जाम का स्ट्रेस कम करने स्टूडेंट्स हाबी को दे रहे समय, ड्राइंग और गिटार में दिलचस्पी अधिक

**रायपुर।** शहर के युवा अपनी जिम्मेदारियों और हॉबी को साथ लेकर चलना पसंद कर रहे हैं, जिन्होंने अपने सामाजिक कार्य और कला को दिनचर्या में शामिल कर लिया है। थकान भरी दिनचर्या के दौरान मानसिक स्वस्थ को बेहतर रखने युवाओं ने कला का चयन किया है। जहां वह दिन में 1-2 घंटे अपने कलाप्रेम के साथ वक्त बिताना पसंद करते हैं। नालंदा परिसर स्थित कला केंद्र के अभ्यर्थियों ने हरिभूमि से चर्चा की। जिन्होंने अपने दिनचर्या में पढ़ाई, जॉब के साथ मनसपंद काम के लिए वक्त निकालने पर जानकारी साझा की। स्कूली विद्यार्थी सीमोन वर्मा ने बताया कि मैं कला केंद्र में कथक और ड्राइंग क्लास अटेंड करती हूं। दिनभर स्कूल, ट्यूशन और होमवर्क करने में वक्त चला जाता है, जिसके बाद कथक और ड्राइंग क्लास के लिए समय निकालती हूं। अब यह मेरे दिनचर्या में शामिल हो गया है। दिनभर पढ़ाई के बाद शाम की यह क्लास शरीर को दोबारा चार्ज कर देती है।



### हॉबी के साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारी

स्कूली विद्यार्थी सार्थक यादव ने बताया कि म्यूजिक और खेल मेरे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस वर्ष 17 मार्च को मेरी बोर्ड परीक्षा शुरू होगी, लेकिन माता-पिता के प्रोत्साहन से मैं पढ़ाई, म्यूजिक और खेल तीनों साथ कर रहा हूं। सुबह 6 बजे से मेरे दिन की शुरुआत होती है, स्कूल के बाद घर पर परीक्षा की तैयारी करता हूं, जिसके बाद माइंड रिलैक्स के लिए गिटार और सेल्फ डिफेंस के लिए ताइक्वांडो सीखना पसंद करता हूं।

### पूरे दिन पढ़ाई, शाम का वक्त म्यूजिक

प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थी रविंद्र मौर्य ने बताया कि सुबह 7 बजे से दिनचर्या की शुरुआत होती है। सुबह से रात तक का वक्त नालंदा परिसर में गुजरता है, जहां प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जारी रहती है। इस दौरान मानसिक स्वास्थ को तंदुरुस्त रखने म्यूजिक क्लास ज्वाइन की है, इससे दिनभर की थकान कम हो जाती है। साथ ही नई ऊर्जा भी मिलती है। कला केंद्र से वापस लाइब्रेरी पढ़ाई करने चला जाता हूं, इससे नए विचार में भी मदद मिलती हैं।



### जॉब के साथ चित्रकारी की क्लास भी

निजी स्कूल की शिक्षिका रिया श्रीवास्तव ने बताया कि बचपन से ही चित्रकारी में रुझान रहा। इस कारण काफी वक्त से प्रोफेशनल तरीके से इसे करने की इच्छा बनी रही। अब जॉब के साथ अपने मनपसंद काम के लिए वक्त निकाल रही हूं। क्लास आने की इच्छा से ही दिनभर की थकान कम हो जाती है। कला के प्रति रुझान होने से टाइम मैनेज करने में अधिक दिक्कत नहीं होती।

## सिटी स्पोर्ट्स

### डी.एल.एड. ने क्रिकेट, खो-खो और कबड्डी में दबदबा बनाया



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार निजी विश्वविद्यालय की खेल प्रतियोगिता पराक्रम 2025 के दूसरे दिन खेलों का माहौल रोमांच से भरपूर रहा। विभिन्न खेलों के रोमांचक फाइनल मुकाबले दर्शकों के बीच उत्साह और जोश का संचार कर गए। क्रिकेट से लेकर खो-खो, कबड्डी, और शतरंज जैसी दिमागी चुनौतियों तक, खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया। 12 खेल स्पर्धाओं में 7 आउटडोर और 5 इनडोर खेलों के साथ प्रतियोगिता काफी कड़ी रही। खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह अपने चरम पर था। डी.एल.एड. की टीम ने दिन के प्रमुख खेलों में दबदबा बनाए रखा। क्रिकेट फाइनल में उन्होंने अपनी उत्कृष्ट रणनीति और लचीलापन का प्रदर्शन करते हुए विजयी करारी जीत हासिल की। इसके बाद, खो-खो में भी डी.एल.एड. की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और लड़के-लड़कियों दोनों श्रेणियों में फाइनल जीतने में सफलता प्राप्त की। कबड्डी के फाइनल में भी उन्होंने नर्सिंग टीम को पछाड़ते हुए जीत का परचम लहराया।वहीं बी.एड. छात्रों ने इनडोर खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। विशेष रूप से कैरम में बी.एड. टीम ने बाजी मारी। मेघा नायक (बी.एड.) ने शानदार खेल दिखाते हुए लड़कियों की कैरम श्रेणी में जीत हासिल की, वहीं विकास रेगे (बी.एड.) ने लड़कों की कैरम में अपना दबदबा कायम रखते हुए खिताब जीता।

### तलवारबाजी में छत्तीसगढ़ से अनूप और प्रवीण बने राष्ट्रीय खेलों में निर्णायक



**रायपुर।** राष्ट्रीय खेल में फेंसिंग की स्पर्धा 9 से 13 फ़रवरी तक उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित गोलपार इनडोर हॉल में होगी। जहां छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच अनूप चौधरी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच प्रवीण गांवरे को नेशनल गेम्स में निर्णायक दल में शामिल किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. प्रकाश (आईएएस), छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी बशीर अहमद खान, सहसचिव अखिलेश दुबे और कोषाध्यक्ष राम प्रताप गुप्ता ने शुभकामनाएं दी और जिले से निखिल जांबुलकर एवं नितेश मिश्रा ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय खेल के लिए छत्तीसगढ़ का जूडो दल उत्तराखंड रवाना



**रायपुर।** भारतीय ओलंपिक संघ के तत्वाधान में उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित 38 वे राष्ट्रीय खेल हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश की जूडो दल देहरादून रवाना हुआ। छत्तीसगढ़ जूडो दल में तनु रानी साहू, दिव्या कुमारी, अनमोल सिंह एवं भूपेंद्र नेताम का चयन खिलाड़ी के रूप में किया गया है। टीम के प्रशिक्षक एवं प्रबंधक श्वेता विजय नाग एवं एएसआर सोनी है।

राष्ट्रीय खेल हेतु चयनित जूडो खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ प्रदेश संघ द्वारा जनता शिक्षण समिति द्वारा संचालित जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैम्प-2 भिलाई में संचालित अरर्डेसी जुडो अकेडमी में सात दिवस का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेष प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत राज्य के वरिष्ठ जूडो प्रशिक्षक विजयनाग, पी किशोर, शेख शरीफ एवं किरण शर्मा द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के हवाले से आगे बताया कि राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में जूडो प्रतियोगिता 08 से 13 फरवरी तक देहरादून में आयोजित है।

चयनित खिलाड़ियों एवं अधिकारियों को रायपुर लोकसभा के सांसद एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के तत्वाधान में किट प्रदान कर विजय की शुभकामनाएं प्रदान की।

प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने विशेष रूप से खिलाड़ियों से चर्चा करते हुए उन्हें अपनी योग्यता का पूर्ण प्रदर्शन करने की बात कहते हुए मोटिवेट किया।

इस अवसर पर जनता शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ एम एस द्विवेदी, स्कूल के प्राचार्य सी पी चौधरी, उपप्राचार्य अरुण कुमार, जे एन मिश्रा, प्रदेश के विभिन्न जिलों के संघ के पदाधिकारी शुभकामनाएं दी।

#### लक्षण दिखते ही हो जाएं सावधान

# शरीर में सूजन को कभी न करें अनदेखा हो सकता है गंभीर बीमारियों का खतरा

अक्सर शरीर में होने वाले सूजन को हम नजरअंदाज कर देते हैं। आपको जानना चाहिए कि शरीर में सूजन होने पर क्या-क्या लक्षण नजर आ सकते हैं, जिन्हें पहचानकर आप स्वस्थ रह सकते हैं। इंफ्लेमेशन या सूजन एक तरह की बीमारी है। आसान भाषा में कहें तो, यह शरीर के किसी भाग के अंदर होने वाली बढ़ती हुई सूजन और गर्मी की स्थिति होती है,जो आमतौर किसी इंफेक्शन,चोट या टिशू की समस्या के कारण हो सकती है। सूजन पर अगर ध्यान न दिया जाए, तो कई गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है। कई बार शरीर में सूजन होती रहती है लेकिन, हमें इस बारे में जानकारी ही नहीं होती है। आपको शरीर में सूजन होने के लक्षण जरूर जानना चाहिए।



### शरीर में सूजन के लक्षण

एक्सपर्ट बताती हैं कि अगर किसी व्यक्ति को बार-बार जोड़ों में दर्द और अकड़न परेशान की समस्या होती है, तो यह जॉइंट और मसल्स में सूजन का संकेत हो सकता है। वहीं, लोग अक्सर ब्लोटिंग से परेशान रहते हैं। कई उपायों के बाद भी ब्लोटिंग कम नहीं होती है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो यह पाचन तंत्र में इंफ्लेमेशन सूजन की तरफ इशारा करता है।

अगर आपकी त्वचा पर बार-बार रैशेज, एक्ने या जलन का अनुभव होता है, तो यह भी सूजन की तरफ इशारा करता है। आपको इसे नजरअंदाज करने से बचना चाहिए।

रेस्पिरेटरी सिस्टम में भी सूजन हो सकता है। अगर आपको सांस लेने में दिक्कत हो रही है या आप अचानक से सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं, तो यह अंदरुनी सूजन हो सकती है। इम्यून सिस्टम में भी सूजन हो सकती है। अगर आपको बार-बार सर्दी, जुकाम-खांसी और बुखार हो रहा है, तो ये सूजन का असर हो सकता है। इससे इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। अगर आप भी इनमें से किसी भी लक्षण का अनुभव कर रहे हैं, तो उसे नजरअंदाज न करें और डॉक्टर से संपर्क करें।

### शरीर में सूजन क्यों होती है?

शरीर में सूजन कई कारणों से हो सकती है। इसमें ऑटोइम्यून विकार, खराब लाइफस्टाइल आदि शामिल हैं।

### ऑटोइम्यून विकार

ऑटोइम्यून बीमारी में शरीर अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली और स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला करने लगती है। इस स्थिति में शरीर में कई बदलाव आने लगते हैं। शरीर में सूजन का एक मुख्य कारण ऑटोइम्यून विकार भी हो सकता है। जैसे ल्यूपस। ल्यूपस एक दीर्घकालीन ऑटोइम्यून बीमारी है, जो शरीर के स्वस्थ ऊतकों पर हमला करती है।

### कुछ प्रकार के खाद्य पदार्थ



जो ऑटोइम्यून विकार वाले लोगों में सूजन पैदा कर सकते हैं या खराब कर सकते हैं। इन खाद्य पदार्थों में चीनी, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट, शराब और ट्रांस फैट शामिल हैं। इसलिए सूजन से बचने के लिए आपको इनसे दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

### अधिक मात्रा में शराब का सेवन

अगर आप अधिक मात्रा में शराब का सेवन करते हैं, तो आपको अपने जीवन में कभी न कभी सूजन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, अधिक मात्रा में शराब पीने का असर हमारे लिवर पड़ता है। लिवर में थोड़ी सी भी गड़बड़ी शरीर में सूजन पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं धूम्रपान करना भी सूजन का कारण बन सकता है।

### हाई बॉडी मास इंडेक्स

हाई बॉडी मास इंडेक्स यानी मोटापा भी शरीर में सूजन का कारण बन सकता है। अगर आपका वजन बढ़ रहा है, तो आपको इसे कंट्रोल में करने की जरूरत होती है। क्योंकि एक समय के बाद आपको शरीर में सूजन महसूस हो सकती है।



## एक उम्र के बाद खानपान में पसंद के बजाय एहतियात बरतें

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में कई तरह की समस्याएं पैदा होने लगती है। ऐसे में अपने आहार का ध्यान देना बेहद जरूरी है। ऐसे कई फूड आइटम्स हैं, जिन्हें आपको 50 की उम्र के बाद बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए।

भोजन हम सभी के जीवन में बेहद ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम जो भी खाते हैं, उसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। आमतौर पर, लोग अपने आहार को लेकर थोड़े लापरवाह होते हैं। पार्टी से लेकर हॉलिडे को एन्जॉय करने के लिए हम कई तरह के अनहेल्दी फूड आइटम्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं। हालांकि, उम्र बढ़ने के साथ-साथ अपने खाने को लेकर आपका अधिक सजग होना बेहद जरूरी है।

जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, आपकी पोषण संबंधी ज़रूरतें भी बदल सकती हैं। हो सकता है कि आपको किसी खास तरह की स्वास्थ्य समस्या हो। ऐसे में यह बेहद जरूरी हो जाता है कि आप अपने आहार पर खास ध्यान दें। कुछ ऐसे फूड आइटम्स हो सकते हैं जो आपकी सेहत को नेगेटिव तरीके से इफेक्ट करें। सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी कुछ ऐसे ही फूड्स के बारे में बता रही हैं, जिन्हें आपको 50 के बाद अपनी डाइट से बाहर कर देना चाहिए-

### ना लें बहुत अधिक रेड मीट



अगर आप नॉन-वेजिटेरियन हैं और रेड मीट का सेवन करती हैं तो आपको उसकी मात्रा का खास ध्यान रखना चाहिए। बहुत अधिक रेड मीट, खासतौर से अगर आप प्रोसेस्ड रेड मीट का सेवन करते हैं तो इससे आपको हृदय रोग और कुछ तरह के कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए, कोशिश करें कि आप अपनी डाइट में पोल्ट्री, मछली, बीन्स और नट्स जैसे लीन प्रोटीन को जगह दें और रेड मीट का सेवन कम से कम करें।

### ना लें अधिक शुगर

यूं तो शुगर का सेवन करना हमेशा से ही अच्छा नहीं समझा जाता है, लेकिन 50 से अधिक उम्र की महिलाओं (वेट लॉस डाइट) को चीनी के सेवन के प्रति अधिक सचेत रहना चाहिए। अगर आप अधिक शुगरी फूड्स लेती हैं तो इससे वजन बढ़ना, मधुमेह और हृदय रोग आदि की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। बेहतर होगा कि आप अपनी डाइट में फलों से नेचुरल शुगर को ही रखें और शुगरी स्नैक्स, मिठाइयों व ड्रिंक्स आदि से बचें।

### लो कैल्शियम फूड को करें अवॉयड

50 के बाद आपकी डाइट ऐसी होनी चाहिए, जिसमें कैल्शियम रिच फूड्स शामिल हों। दरअसल, 50 की उम्र महिलाओं (हाई बीपी के लिए फूल) के लिए मेनोपॉज स्टेज होती है और मेनोपॉज के बाद उन्हें ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा अधिक होता है। वहीं कैल्शियम हड्डियों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। जब आप लो कैल्शियम फूड लेते हैं तो इससे हड्डियों की डेंसिटी कम होती है।



## राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ की चांदनी को मिली चांदी

**रायपुर।** उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की चांदनी साहू ने तीरंदाजी में रजत पदक हासिल किया। देहरादून में आयोजित तीरंदाजी में इंडियन ओलिंपिक राउंड (व्यक्तिगत) इवेंट 50 मीटर का फाइनल मैच छत्तीसगढ़ की चांदनी साहू (महासमुंद जिला) एवं मणिपुरी की रोजीना देवी के साथ खेला गया। जिसमें मणिपुर की रोजीना देवी ने चांदनी साहू को 6-2 से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। जबकि चांदनी साहू को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चांदनी साहू ने इसके पूर्व सेमीफाइनल मैच में झारखंड को 6-2 से क्वार्टरफाइनल में हरियाणा को 6-0 से प्री क्वार्टरफाइनल में केरल को 6-4 से हराया था। तीरंदाजी की इंडियन राउंड महिला टीम इवेंट में कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में छत्तीसगढ़ शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड को 05-01 से पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। इसके पूर्व इंडियन राउंड महिला टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ ने अपने पहले मैच में असम को 6-4 से पराजित कर सेमीफइनल में प्रवेश किया था तथा सेमीफइनल में छत्तीसगढ़ की टीम को मणिपुर से 1 - 5 से हार का सामना करना पड़ा था। छत्तीसगढ़ की इंडियन राउंड महिला टीम में सुलोचना (बिलासपुर), चांदनी साहू (महासमुंद), सुशीला नेताम (कोंडागांव) एवं हर्षिता साहू (रायपुर) शामिल है। राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ को 5 स्वर्ण, 1 रजत एवं 08 कांस्य पदक सहित अब तक कुल 14 पदक हासिल हुए हैं।

- छत्तीसगढ़ को अब तक कुल 5 स्वर्ण, 1 रजत एवं 08 कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक



38 वे राष्ट्रीय खेल में पदक प्राप्त तीरंदाज खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग जिला, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं उपाध्यक्ष केदार कश्यप, उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मुरारका, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल, छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी सहित छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाये प्रदान करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

## सुख-समृद्धि के लिए माघ पूर्णिमा के दिन करें कुछ जरूरी उपाय



माघ माह की पूर्णिमा इस साल 12 फरवरी बुधवार को पड़ रही है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इसके अलावा, इस बार माघ पूर्णिमा पर अमृत स्नान का भी योग बन रहा है। ऐसे में माघी पूर्णिमा का महत्व और भी बढ़ जाता है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स बताते हैं कि माघ पूर्णिमा के दिन घर पर हैं तो क्या करना चाहिए और क्या नहीं। वहीं, अगर माघ पूर्णिमा के दिन अमृत स्नान के लिए महाकुंभ में हैं तो कौन से कामों को करें और कौन सी गलतियां करने से बचें।

### माघ पूर्णिमा के दिन क्या करें और क्या न करें?

माघ पूर्णिमा के दिन घर में हैं तो मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा करें और उन्हें खीर का भोग अवश्य लगाएं। वहीं, अगर महाकुंभ में हैं तो मां लक्ष्मी का ध्यान करते हुए उनके मंत्रों का जाप करें। मां लक्ष्मी को आप खीर का भोग तो नहीं लगा पाएंगे लेकिन किसी गरीब व्यक्ति को पूर्ण श्रद्धा से खीर खिलाएं।

### संपदा से भर सकता है घर

माघ पूर्णिमा के दिन घर में हैं तो चंद्रमा के निमित्त अर्घ्य अवश्य दें और किसी शुभ कार्य या मांगलिक कार्य में चांदी का दान करें। वहीं, अगर महाकुंभ हैं तो माघ पूर्णिमा के दिन अमृत स्नान करते हुए रात के समय चंद्रमा के बीज मंत्र 'ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चंद्रमसे नमः' का 11, 21 या 51 बार श्रद्धा से जाप करें। माघ पूर्णिमा के दिन घर में हैं या महाकुंभ में एक लाल कपड़ा अपने पास रखें। मां लक्ष्मी की पूजा या मंत्र जाप के बाद उस लाल कपड़े में एक मुट्ठी अक्षत या फिर 11 कौड़ियां रख लें। घर में हैं तो उस कपडे में गांठ बंधकर उसे घर की तिजोरी में रखें ।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के पोस्टर को बताया ओरिजिनल




3 फरवरी को 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' का टीजर रिलीज किया गया, जिसके बाद इसके पोस्टर को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद छिड़ गया था। लोगों का कहना था कि ये एआई से बनाया गया है, जिसको गलत बताते हुए मार्वल स्टूडियो ने पोस्टर को ओरिजिनल कहा। हाल ही में मार्वल के सुपरहीरोज पर फिल्माए जा रहे 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' का टीजर रिलीज हुआ। टीजर रिलीज के कुछ देर बाद सोशल मीडिया में इसके पोस्टर को लेकर बहस छिड़ गई, जिस पर लोग कई तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे थे। आइए जानते क्या है पूरा मामला बीते मंगलवार को मार्वल द्वारा फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसके बाद इसके पोस्टर को एआई जनरेटेड कहकर लोगों ने सोशल मीडिया पर कई सवाल किए। इस पोस्टर में 20वीं सदी के महिला और परुष खड़े दिखाई दे रहे हैं, जो एक पारंपरिक दृश्य को दर्शाता है। इस पर लोगों ने कहा कि यह पोस्टर एआई तकनीक से तैयार किया गया है। इसके पोस्टर पर मार्वल के कई प्रशंसकों ने इसकी तारीफ भी की हैं, तो वहीं कुछ लोगों में से एक ने कहा, ऐसा लगता है इसे एआई से बनाया गया है। इस पर एक अन्य यूजर ने कहा, आजकल तो सारे पोस्टर एआई जनरेटेड ही आने लगे हैं। बढ़ते विवाद को देखकर मार्वल के प्रवक्ता ने इसे तुरंत खारिज कर दिया और कहा कि स्टूडियो ने पोस्टर को बनाने के लिए किसी भी एआई तकनीक का इस्तेमाल नहीं किया है। मार्वल स्टूडियो की यह फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। हाल ही में ऑस्कर नामांकित फिल्म द ब्रूटलिस्ट भी विवादों में तब आ गई, जब ये कहा गया कि इसमे हंगेरियन उच्चारण के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

### टॉलीवुड

## तमिल अभिनेत्री पुष्पालता को याद किया सिनेमा के दिग्गजों ने, सराहा उनका योगदान



तमिल फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री पुष्पालता का एक लंबी बीमारी के बाद 5 फरवरी को 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। इन्होंने अपने फिल्मी करियर में 100 से अधिक फिल्मों में काम किया। साउथ फिल्मों की दिग्गज अभिनेत्री पुष्पालता लंबे समय से बीमार चल रही थी, जिसके चलते चेन्नई में 87 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

पुष्पालता ने साल 1958 में तमिल फिल्म से अपना करियर 'सेनकोट्टई सिंगम' से शुरू किया था। इसके बाद साल 1969 में उन्होंने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में भी कदम रखा, उस फिल्म का नाम था 'नर्स'। अपने फिल्म सफर के दौरान इन्होंने लगभग 100 फिल्मों में काम किया है। पुष्पालता ने साउथ फिल्म के कई कलाकारों का साथ काम किया, जिसमें एमजी रामचंद्रन से लेकर कमल हासन जैसे दिग्गज अभिनेता शामिल रहे। पुष्पालता सिर्फ एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि वह एक शानदार नर्तकी और निर्माता भी रही।

पुष्पालता का शानदार फिल्मी करियर का दौर चल रहा था, उसी समय उन्हें अभिनेता और फिल्म निर्माता एवीएम राजन से प्यार हो गया, फिर उन्होंने इनसे शादी भी कर ली। इनकी दो बेटियां हैं, जिसमें एक तो तमिल अभिनेत्री महालक्ष्मी हैं। फिल्मों में पुष्पालता को आखिरी बार अभिनेत्री के तौर पर साल 1999 में 'पूवसम' फिल्म में देखा गया। इसके बाद उन्होंने अपना मन अध्यात्म और समाज सेवा में लगा दिया था।

### भोजपुरी

## गुलाल लेकर चांदनी के पीछे नील धमाकेदार है 'मरद काचा खोजेली'



रंग, गुलाल, मस्ती और उमंग के त्योहार 'होली' को अभी एक महीने से अधिक का समय बाकी है। इस साल 2025 में 14 मार्च को रंगों का यह त्यौहार मनाया जाएगा। लेकिन भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री अभी से मस्ती और धमाल के रंग में रंगने लगा है। सुपरहिट सिंगर नीलकमल सिंह का नया होली गीत 'मरद काचा खोजेली' बुधवार, 5 फरवरी को रिलीज हो चुका है और यह मजेदार है। यूट्यूब पर नीलकमल सिंह के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर इस गाने को रिलीज किया गया है। गाने में रंग और गुलाल की मस्ती तो है ही, नीलकमल सिंह के साथ चांदनी सिंह की केमेस्ट्री भी जबरदस्त है।

गाने की शुरुआत नीली साड़ी में लिपटी खूबसूरत चांदनी सिंह से होती है। नीलकमल सिंह गुलाल लेकर उनके पीछे पड़े हैं। वह हसीना को छेड़ रहे हैं, जबकि जोगीरा सारा रा रा... की थाप पर जमकर धूम मचाने का सिलसिला भी जारी है।

'मरद काचा खोजेली' गाने को जहां नीलकमल सिंह ने अकेले ही गाया है, वहीं इसके बोल आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं। संगीत से सजाने का काम शुभम राज ने किया है और यह आपको झूमने पर मजबूर कर देगा। म्यूजिक वीडियो के डायरेक्टर लक्की विश्वकर्मा हैं और उन्होंने ही नीलकमल सिंह और चांदनी सिंह के डांस को कोरियोग्राफ भी किया है।

## दुबई पहली पसंद

लाइफ स्टाइल



मोरक्को की डिजाइनर मैसन सारा क्रैबी सहित बहुत से फैशन डिजाइनरों की प्राथमिकता दुबई फैशन वीक होती है। वजह साफ है, दरअसल, दुबई फैशन वीक डिजाइनरों को न्यूयॉर्क, लंदन, मिलान और पेरिस के फैशन वीक से पहले सीजन के रुझान निर्धारित करने और खरीदारों का ध्यान आकर्षित करने का अवसर प्रदान करता है। अरब फैशन काउंसिल और दुबई डिज़ाइन डिस्ट्रिक्ट मिल कर यह फैशन वीक आयोजित करते हैं।

## गंदगी के कारण काले पैर ऐसे करें साफ



अक्सर महिलाएं अपने पैरों की सफाई पर खास ध्यान नहीं देती है इसके कारण पैरों का रंग काला पड़ जाता है उसके कारण यह देखने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगते हैं विटामिन सी से भरपूर फूड्स का इस्तेमाल स्किन व्हाइटनिंग के लिए किया जा सकता है। इन फूड में सिट्रिक एसिड पाया जाता है। यह नेचुरल एक्सफोलिएंट के रूप में काम करता है। अगर आपके पैरों का रंग काला पड़ गया है, तो आप इस समस्या से निजात पाने के लिए संतरे के रस का उपयोग कर सकती हैं। इस जूस से पैरों को साफ-सबसे पहले संतरे का रस निकाल लें। अब रूई की मदद से रस को पूरे पैरों पर लगाएं।करीब आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से पैरों को धो लें।

इस बात का ध्यान रखें कि हफ्ते में केवल एक बार पैरों पर इस रस का इस्तेमाल करें। आप चाहें, तो ऑरेंज पील पाउडर में प्लेन योगर्ट मिलाकर भी पैरों पर लगा सकती हैं। जब यह पेस्ट सूख जाए, तब करीब 10 मिनट बाद अपने पैरों को अच्छे से साफ कर लें। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से आपके पैरों का रंग साफ होने लगेगा। पेडीक्योर ट्रीटमेंट के लिए पार्लर जाना जरूरी नहीं है, क्योंकि किचन में मौजूद कुछ चीजों की मदद से आप घर बैठे आसानी से पैरों को साफ कर सकती हैं। इसके लिए दूध, नीम और एलोवेरा जेल जैसी नेचुरल चीजें फायदेमंद होती हैं। फुट सोक करना भी जरूरी है। इसके लिए आप गुनगुने पानी में नमक मिलाकर पैरों को साफ कर सकती हैं। हफ्ते में एक बार फुट सोक करें। इससे डेड स्किन रिमूव हो जाती है और पैरों को आराम भी मिलता है। नहाते वक्त केवल चेहरे पर ही नहीं बल्कि पैरों को भी अच्छे से साफ करना चाहिए।

## साड़ियों के इन डिजाइन को करें अपनी वार्डरोब में शामिल



फैशन

साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ ट्रेंड नहीं होता है और इसके डिजाइन भी आपको कई तरीके में देखने को आसानी से मिल जाएंगे। वहीं बदलते दौर में आजकल साड़ी को ड्रेप करने के भी कई नए तरीके आ गए हैं, लेकिन एक उम्र के बाद हम साड़ी को पहनने के लिए 2 से 3 तरह के स्टाइल ही फॉलो करना पसंद करते हैं।

वहीं आगे नवरात्रि, दशहरा और दीवाली के बाद करवाचौथ का त्यौहार आने वाला है और इस दिन अक्सर हम साड़ी को ही पहनना पसंद करते हैं। ऐसे फेस्टिवल सीजन में साड़ी के कुछ खास डिजाइंस जो खासकर 50 वर्षीय उम्र वालों के लिए बेहद खास है। बता दें कि इन साड़ी लुक को स्टाइल करने के बाद आप 50 की जगह 30 साल की नजर आएंगी।

### पटोला साड़ी डिजाइन

इस तरीके की साड़ी बिल्कुल भी वजनदार नहीं होती है। वहीं इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर डी संस द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरीके की साड़ी के साथ आप गोल्डन कलर या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

### क्रेप सिल्क साड़ी डिजाइन

सिल्क साड़ी में आपको कई वैरायटी की अलग-अलग साड़ियां आसानी से मिल जाएगी। बगता दें कि इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर गीतिका कनुमिल्ली द्वारा डिजाइन किया गया है इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह के लुक के साथ आप मेसी हेयर बन बनाकर उसे ताजे गुलान की मदद से अपने बालों को आकर्षक बना सकती हैं।

### बॉर्डर वर्क साड़ी डिजाइन

हरा रंग करवाचौथ के लिए बेहद खास होता है। वहीं इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर अनीता डोंगरे द्वारा डिजाइन किया गया है।

## शान से बढ़ाइए बियर्ड, सही तरीका भी जान लीजिए



लंबी और स्टाइलिश बियर्ड रखने वाले लोगों के लिए फैशन है। लेकिन ये उन लोगों के लिए समस्या है, जिन्हें बियर्ड नहीं आती है। लेकिन कोई भी ये उम्मीद नहीं कर सकता है कि रातों-रात उसकी दाढ़ी घनी और हेल्दी हो जाएगी। बियर्ड को सही केयर और नियमित पोषण की जरूरत पड़ती है। इस काम को पूरा करने और फेशियल हेयर को पोषण देने के लिए ही बियर्ड ऑयल का इजाद किया गया था। ऐसी कई रिसर्च मौजूद हैं, जिनमें ये बात साबित हुई है कि, बियर्ड ऑयल, फेशियल हेयर ग्रोथ को बढ़ाने में मदद करते हैं।सही तरीके से इस्तेमाल करने पर आप भी फायदे उठा सकते हैं और शानदार बियर्ड के मालिक बन सकते हैं।

### क्या बियर्डमैन बनना मुश्किल है?

बियर्ड केयर में लगने वाला समय, ग्रूमिंग टेक्निक और धैर्य, ये तीनों ही चीजें हर किसी के पास मिलना बहुत मुश्किल है। लेकिन अगर ये किसी इंसान के पास हैं तो, वो आराम से बियर्ड मैन बन सकता है।


### बियर्ड ऑयल क्या है?

बियर्ड की हेल्दी ग्रोथ के लिए बियर्ड को नम और मुलायम बनाए रखना बहुत जरूरी है। इस काम के लिए ही लोग बियर्ड ऑयल का प्रयोग करते हैं। बियर्ड ऑयल एक कंडीशनिंग प्रोडक्ट है, जिसका प्रयोग लोग दाढ़ी की ग्रूमिंग में करते हैं। बियर्ड ऑयल, बढ़ रहे बालों को मुलायम बनाता है। ये स्किन को मुलायम बनाता है जिसकी वजह से बियर्ड की ग्रोथ अच्छी होती है। इस तरह की बियर्ड को ही साफ-सुथरी और वेल ग्रूम्ड बियर्ड माना जाता है।

### बियर्ड ऑयल का इस्तेमाल कैसे करें?

जब आप किसी प्रोफेशनल की तरह बियर्ड को बढ़ाना चाहें तो, कोई भी बियर्ड ऑयल यूं ही खरीद लेने से कोई चमत्कार नहीं होने वाला है। कम समय में बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए आपको उसे सही ढंग से लगाना होगा।

## ऑफिस पार्टी में खूबसूरत दिखना है तो इन आसान टिप्स से संवारें आंखों को



ऑफिस में अलग-अलग मौके पर होने वाली पार्टी का इंतजार हर स्टाफ करता है। किसी को पार्टी में गेम, डांस करना पसंद होता है तो किसी को पसंद होता है स्टाइल दिखाना। आजकल हर कोई ट्राई करना है नए फैशन ट्रेंड के हिसाब से तैयार होना। इसके लिए कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जो अपने आउटफिट के साथ-साथ मेकअप पर भी खास ध्यान देती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे उनका लुक परफेक्ट लगता है साथ ही वो सबसे ज्यादा खूबसूरत नजर आती हैं। ऐसे में आप इस बार दिवाली पार्टी पर इन टिप्स की मदद से ट्राई करें ये आई मेकअप। इसे क्रिएट करने के बाद आपका लुक पूरी तरीके से बदल जाएगा।

### आंखों पर लगाएं प्राइमर

आंखों पर मेकअप करने से पहले आपको प्राइमर का इस्तेमाल करना है। इसके लिए प्राइमर को आई लीड पर लगाएं फिर ब्लेंडर की मदद से अच्छे से ब्लेंड करें। इसे इसलिए लगाना जरूरी है ताकि आंखों का मेकअप लंबे समय तक टीका रहे। इसके लिए आप उसी शेड का प्राइमर इस्तेमाल करें। जिसे फेस पर अप्लाई करती हैं।

### ड्रेस के हिसाब से चूज करें आईशैडो

आप जिस तरीके की ड्रेस वियर कर रही हैं उसके हिसाब से अपने आईशैडो का कलर चूज करें। कोशिश करें की लुक (पार्टी मेकअप टिप्स) को सिंपल रखें।

कार्नर न्यूज

### दिल्ली की मार्केट में आसानी से मिलती हैं किराए पर लेटेस्ट डिजाइन की ब्राइडल ज्वेलरी

## जरूरी नहीं हर जेवरात खरीदें ही जाएं, किराए से लेकर भी आप लग सकती हैं बेहद खूबसूरत

*शादियों में बहुत सी महिलाएं लहंगे के साथ अक्सर हैवी ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं। लेकिन ज्यादातर के लिए ये दोबारा इस्तेमाल में नहीं आती है। ऐसे में आप इन्हें रेंट पर ले सकती हैं। शादी की शॉपिंग के लिए दिल्ली की कई सारी मार्केट ऐसी हैं जो बेस्ट हैं। इन मार्केट में आपको हर तरह के कपड़े, ज्वेलरी, मेकअप वैगरह सामान मिल जाएगो। आप चाहे तो इन मार्केट से रेंट पर सामान भी ले सकती हैं जिन्हें शादी में पहनने के बाद वापस किया जा सकता है। इससे आपको शादी में पहनने के लिए अच्छा सामान भी मिल जाता है*



### करोल बाग मार्केट

अगर आप शादी में डिजाइनर और ट्रेंडी ज्वेलरी वियर करना चाहती हैं तो इसके लिए आप करोल बाग मार्केट से खरीद सकती हैं। यहां कई सारी ऐसी दुकाने हैं जहां पर आपको अच्छे डिजाइन की ज्वेलरी मिलेगी। यहां पर आप हैवी ज्वेलरी भी खरीद सकती हैं और चाहे तो वेडिंग के अन्य फंक्शन में भी इन ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। बस आपको इनका किराया देना होगा जो आपको ज्वेलरी वापस करने पर रिटर्न हो जाएगा। इसके अलावा आप इस मार्केट से लहंगा, चूड़ा, कलीरे वैगरह सामान भी ले सकती हैं।करोल बाग मार्केट सोमवार को बंद होती है।

### सदर बाजार से किराए पर लें ज्वेलरी

सदर बाजार दिल्ली में सबसे बड़ा थोक का मार्केट माना जाता है। सारे व्यापारी वहां से अपनी जरूरत का सामान खरीदकर लाते हैं और उन्हें बेचते हैं। आप चाहे तो अपनी शादी की ज्वेलरी इस मार्केट से खरीद सकती हैं। यहां पर आपको कई सारी दुकानें ऐसी मिलेंगी। जहां से आप किराए पर ज्वेलरी खरीद सकती हैं। कुंदन वर्क, स्टोन वर्क और मीनाकारी वर्क ज्वेलरी मिल जाएगी। इन्हें किराए पर खरीदें (मंगलसूत्र डिजाइन) और अपनी शादी में वियर करें।

यहां पर आपको 1000 रुपये रेंट देना पड़ेगा। इसके अलावा सिक्योरिटी मनी देनी होगी, जो ज्वेलरी वापस करने पर आपको मिल जाएगी। ये मार्केट रविवार को बंद होता है इसलिए इस दिन यहां न जाए। इस मार्केट से आप अन्य सामान भी खरीद सकती हैं जो शादी में काम आएगी।

### कृष्णा नगर मार्केट

ईस्ट दिल्ली में मौजूद कृष्णा नगर मार्केट से भी आप रेंट पर अच्छी और डिजाइनर ज्वेलरी किराए पर ले सकती हैं। इस मार्केट में आपको लहंगे के साथ (ब्राइडल ज्वेलरी रखने का तरीका) मैचिंग ज्वेलरी के सेट मिल जाएंगे। जिनमें सारी चीजें मौजूद होंगी। आप चाहे तो कस्टमाइज्ड ज्वेलरी भी किराए पर ले सकती हैं। बस आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि ज्वेलरी खराब न हो। वरना इसका अलग से चार्ज करना पड़ेगा। आप इस मार्केट से शादी के फंक्शन में पहनने वाले आउटफिट के साथ की भी ज्वेलरी किराए पर ले सकती हैं। ये मार्केट सोमवार को बंद रहता है इसलिए इस दिन खरीदारी के लिए यहां न जाए।